Shikshan Sanshodhan :
Journal of Arts, Humanities and Social Sciences

ISSN(o): 2581-6241
(Journal Impact Factor: 9.134)
Monthly Peer-Reviewed, Refereed, Indexed Research Journal

International Conference on Literature, Languages and Religions

साहित्य, भाषाओं और धर्मों पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

Date: 19 – 20 September, 2026

DOIs:10.2018/SS/ICLLR-2026

Conference Special Issue - 16 September - 2026

Organized by :
International Languages Council
Research Culture Society
(International Scientific Research Institute)
English Literature Club
IJRCS and शिक्षण संशोधन

RESEARCH CULTURE SOCIETY & PUBLICATION

Email: shikshansanshodhan@gmail.com

Web Email: editor@ijrcs.org

https://shikshansanshodhan.researchculturesociety.org/

International Conference on Literature, Languages and Religions

साहित्य, भाषाओं और धर्मों पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

(ICLLR – 2026)

Date: 19 – 20 September, 2026

Conference Special Issue - 16

The Managing Editor:

Dr. C. M. Patel

(Research Culture Society & Publication)

Jointly Organized by :

International Languages Council
Research Culture Society
IJRCS and शिक्षण संशोधन

Published by :

Published by:

Shikshan Sanshodhan : Journal of Arts, Humanities and Social Sciences
ISSN(o) : 2581-6241 (Journal Impact Factor : 9.134)
(Monthly Peer-Reviewed, Refereed, Indexed Research Journal)
Research Culture Society and Publication
https://shikshansanshodhan.researchculturesociety.org/
(M) +91 9033767725


RESEARCH CULTURE SOCIETY
International Scientific Research Institute
Organize
Conference, Seminar, Symposium
in association / collaboration with
Research Culture Society
Support in Administration and ICT system
Free promotion on websites and social media
Certificates
Special issue in ISSN Journals and Proceedings with ISBN Books
Concession in publication charge
Digital Object Identification
Conference Dignitaries Desk
www.researchculturesociety.org
Email:
director@researchculturesociety.org


RESEARCH CULTURE SOCIETY
International Scientific Research Organization
(Reg. Asia - India, Canada, USA, Europe)
Join us - Invitation for Membership and MoU
Professional Membership: Member of Organization
Honorary Membership : Country Head, State Head, Chapter Head, Conference Manager, Conference Coordinator, International / National / State Coordinator, Country Ambassador and Promoter.
Memorandum of Understanding (MoU) / Collaboration (MoC) With official registered : Institutions, Universities, Colleges, Schools, Industries, Companies and Firms.
For Academic - Educational – Industrial Events, Exchange Programs, Knowledge Partner, Co-operation, Networking with Scholarly Academicians, Researchers, Scientists and Delegates.
Academic weightage in Institutional Evaluation Grades.
Benefit in Special Issues - Proceedings Publications with ISSN / ISBN.
Programs Appointment : Expert Trainer, Resource Person, Keynote Speaker, Guest Speaker, Anchor person, Moderator, Committee Member, Sponsor, Co-Sponsor, Co-organizer.
Editorial Board Membership: (All Subject Fields) Reviewer, Associate Editor, Special Issue Editor, Book Editor.
Sciences, Healthcare Sciences, Engineering and Technology, Social Sciences, Agriculture, Commerce, Business, Management, Arts, Languages, Literature, Humanities, Education, Library Science, Designing, Tourism, Journalism, Environmental Technology, International Economy.
Teaching and Research Exposure: Minimum 5 years with 15 Publications.
Research Papers, Articles and Books Publication as per Publication House Norms.
Interested candidates can contact OR send inquiry at :
director@researchculturesociety.org
www.researchculturesociety.org
JOIN OUR TEAM
COLLABORATION

International Conference on Literature, Languages and Religions

19 – 20 September, 2026

(Conference Special Issue / Proceedings)

Managing Editor
Dr. C. M. Patel
(Research Culture Society and Publication)

Copyright: © The research work, information compiled as a theory with other contents are subject to copyright taken by author(s) / editor(s) / contributors of this book. The author(s) / editor(s)/ contributors has/have transferred rights to publish this Special Issue / Proceedings Issue / book(s) to 'Research Culture Society' / 'Research Culture Society and Publication' Journal.

Disclaimer: The author/authors/contributors are solely responsible for the content, images, theory, datasets of the papers compiled in this conference special issue. The opinions expressed in our published works are those of the author(s)/contributors and does not reflect of our publication house, publishers and editors, the publisher do not take responsibility for any copyright claim and/or damage of property and/or any third parties claim in any matter. The publication house and/or publisher is not responsible for any kind of typo-error, errors, omissions, or claims for damages, including exemplary damages, arising out of use, inability to use, or with regard to the accuracy or sufficiency of the information in the published work. The publisher or editor does not take any responsibility for the same in any manner. No part of this publication may be reproduced or transmitted in any form by any means, electronic or mechanical, including photocopy, recording, or any information storage and retrieval system, without permission in writing from the copyright owner.

Online / Imprint: Any product name, brand name or other such mark name in this book are subjected to trademark or brand, or patent protection or registered trademark of their respective holder. The use of product name, brand name, trademark name, common name and product details and distractions etc., even without a particular marking in this work is no way to be constructed to mean that such names may be regarded as unrestricted in respect of trademark and brand protection legislation and could thus be used by anyone.

Published By:

Shikshan Sanshodhan : Journal of Arts, Humanities and Social Sciences
ISSN (o) : 2581-6241
शिक्षण संशोधन : कला, मानविकी और सामाजिक विज्ञान जर्नल
Research Culture Society and Publication.
(Reg. International ISBN Books and ISSN Journals Publisher)
Email: shikshansanshodhan@gmail.com / editor@ijrcs.org
Website: https://shikshansanshodhan.researchculturesociety.org/

Research Culture Society and Publication

(Reg. International ISBN Books and ISSN Journals Publisher)

Email: RCSPBOOKS@gmail.com / editor@ijrcs.org

WWW.RESEARCHCULTURESOCIETY.ORG / WWW.IJRCS.ORG

Conference, Seminar, Symposium organization in association/collaboration with different Institutions.

Conference, Seminar, Symposium Publication with ISSN Journals and ISBN Books (Print / Online).





About the organizing Institutions:

International Languages Council is an esteemed association working on to provide language studies, understanding language issues, multilingual aspects, languages development. Council organizing events to improve languages, languages learning, conceptual understanding of languages and literature, also coordinate with other research organizations for the collaborative services.

The International Languages Council is working to promote Languages and Literatures at different national and international levels, and also coordinate with other institutions and organizations for the educational and community development. It also offer to provide literature, ELT, linguistics research services, educational studies and organizing activities.

'Research Culture Society' is a Government Registered Scientific Research organization. Society is working for the research community at National and International level to impart quality and non-profitable services. Society has successfully organized 155+ conferences, seminars, symposiums and other educational programmes at national and international level in association with different educational institutions.

Educational institutions, colleges, universities are welcome for Memorandum of Understanding (MoU – free to sign without any charge) for Academic Exchange, Knowledge sharing and collaboration to organize events with us. We are promoting and sponsoring educational events as well as publishing research work in collaboration. We also invite sponsorship from the industries, corporates, institutions and government bodies for our educational programs.

English Literature Club: This club is as a group on WhatsApp and Telegram apps includes literature researchers and academicians. For sharing Literature, Linguistics and English language related information and knowledge.

Objectives of the International Conference :

Objectives of the International conference: To observe the overviews and concept of languages, literature and Religions in the 21st century, To Identify the various knowledge forms of literature and religions, To Analyse the trends of teaching languages and To find our conceptual life lessons from the religions.

About the Conference:

'International Conference on Literature, Languages and Religions' (साहित्य, भाषाओं और धर्मों पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन) aims to bring together leading academicians and research scholars to exchange and share their experiences and research results on all aspects of Language, Literature and Religion fields. It also provides a premier interdisciplinary platform for researchers and educators to present and discuss the most recent innovations, trends, and concerns as well as challenges encountered and solutions adopted in the fields of Language, Literature and Religion fields.

Conference Committee

Organizers – Conference Chair Members :

Prof. J. Adrina, Founder Member International Languages Council, Europe
Dr. C. M. Patel, Director, Research Culture Society.

Advisory Member and Committee Members:

Dr. Sirikarn Thongmak, International Languages Council. Thailand.
Dr. Farah Hijazi, International Scientific Research Association, Chapter - Syria

Keynote Speakers and Committee Members:

Dr.Sedighe Zamani Roodsari, Academic Coordinator/TESOL Instructor, Auburn Global/Curriculum & Teaching, Auburn University, U.S.A.
Dr.Luis Miguel Cardoso, Portalegre Polytechnic University CARE - PPU, CECOMP - University of Lisbon, Portugal.

Session Chair:

Dr.Garima Tiwari, Assistant Professor, Department of English, Andaman College (ANCOL), Andaman and Nicobar, India
Dr. Rukminingsih, International Languages Council, Member - Indonesia, English language Education Department of STKIP PGRI Jombang, Indonesia.
Dr.Bhoomi Vamja, Assistant Professor, Department of English Bhavan's Sheth R.A. College of Arts and Commerce, Gujarat University, Gujarat, India

Committee Members:

Dr. Kiran, Assistant Professor (Pedagogy of English) Department of Teacher Education, Central University of Haryana, India
Dr. J.A.H. Khatri, Assistant Professor, School of Liberal Studies & Education, Navrachana University, Vadodara, Gujarat, India
Dr.Zeba Siddiqui, Asst. Professor, Department of English, VIVA College (University of Mumbai), India
Dr. M. Nagalakshmi, Professor, Department of English, VISTAS, Chennai, India

Convenor:

Diksha Rani, Coordinator - Research Culture Society.

Prof. J. Adrina
Founder Member
International Languages Council, Europe
School of Languages, Literature and Linguistics, EU

Dear Colleagues !

I am delighted that our organization is jointly conducting the 'International Conference on Literature, Languages and Religions' with the theme of literature and languages, in association with 'Research Culture Society' on 19 – 20 September, 2026.

This conference series forum aims to observe the overviews and concept of languages, literature and Religions in the 21st century. To Identify and analyze the latest trends of literature, linguistics and Teaching languages. Identifying various knowledge forms of literature and linguistics.

I honestly hope that this conference will provides a premier interdisciplinary platform for researchers, practitioners, and educators to present and discuss the most recent trends in literature, languages, culture, religions and its concern related to writing and study of the literature and religion materials.

May hearty wishes and regards for the great success of this important international conference.

Thank you!

Prof. J. Adrina
Conference Chair
Founder Member
International Languages Council, Europe.

Dr.C. M. Patel

Director, RESEARCH CULTURE SOCIETY

Web: www.researchculturesociety.org

Email : director@researchculturesociety.org

Message

Dear Professional Colleagues,

It is gratifying to note that 'International Languages Council; in collaboration with 'Research Culture Society' (Government Registered Scientific Research organization) are organizing - 'International Conference on Literature, Languages and Religions' during 19 – 20 September, 2026.

This international conference will allow the participants and academicians to reveal their endeavors, extend academic professional networks and jointly ascertain the existing and upcoming research instructions guidelines and presented thoughts at international level. I believe that all the presentations in this academic research conference will bring interesting topics witch fruitful discussions.

I believe, this International Conference will help in redefining the strong connection between students and academicians from different institutions. An additional goal of this international conference is to combine interests and research related to Literature and Religion field of academia, researchers and students.

My best wishes to the committee members, speakers and participants of this world conference.

Dr.C. M. Patel

Director, Research Culture Society.

INDEX

Sr.No	Table of Contents	Page No.
a)	About the organizing Institutions: Objectives of the International Conference : About the Conference:	5
b)	Conference Committee	6
c)	Message from Founder Member, International Languages Council	7
d)	Message from Director, Research Culture Society	8
e)	Table of Contents	9
Paper ID	**Title & Author(s) Name**	-
ICLLR-2026-A01	धर्म, आध्यात्मिकता और आत्म-साक्षात्कार : प्रस्थानत्रयी से प्राप्त अंतर्दृष्टि -- Dr.Malti Raghav	10-21
ICLLR-2026-A02	धर्म और दर्शन के कतिपय विरोधाभास -- Dr. Vinod Kumar Roy	22-32
ICLLR-2026-A03	भाषा शिक्षण और अधिगम में आई.सी.टी. (ICT) की भूमिका -- Dr. Bandana Kumari	33-51
ICLLR-2026-A04	प्रेमचंद की कहानियों में समाज, धर्म और मानवता का चित्रण -- स. प्रा. प्रियांका अप्पाशा कुंभार	52-55

***

Shikshan Sanshodhan : Journal of Arts, Humanities and Social Sciences ISSN: 2581-6241
Monthly, Peer-Reviewed, Refereed, Indexed Journal Impact Factor: 9.134
Volume - 9, Special Issue - 16, September - 2026 Publication Date: 30/09/2026

DOIs:10.2018/SS/ICLLR-2026-A01 --:-- Research Paper / Article / Review

International Conference on Literature, Languages and Religions (ICLLR-2026)
[साहित्य, भाषाओं और धर्मों पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन]
Date: 19 – 20 September, 2026

धर्म, आध्यात्मिकता और आत्म-साक्षात्कार : प्रस्थानत्रयी से प्राप्त अंतर्दृष्टि

डॉ. मालती राघव
एसोसिएट प्रोफेसर, संस्कृत विभाग, सत्यवती कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली, भारत
maltiraghav152@gmail.com

सारांश: भारतीय दार्शनिक परम्परा में धर्म, आध्यात्मिकता और आत्म-साक्षात्कार तीन पृथक् अवधारणाएँ न होकर मानव-जीवन की एक समन्वित विकास-प्रक्रिया के परस्पर सम्बद्ध आयाम हैं। इनकी सर्वाधिक सुसंगत दार्शनिक अभिव्यक्ति प्रस्थानत्रयी—उपनिषद्, भगवद्गीता और ब्रह्मसूत्र—में दिखाई देती है। उपनिषद् मानव के अन्तिम आध्यात्मिक स्वरूप, आत्मा और ब्रह्म की एकता तथा आत्मविद्या को जीवन के परम प्रयोजन के रूप में स्थापित करते हैं। भगवद्गीता इस तत्त्वज्ञान को कर्म, ज्ञान, भक्ति और ध्यान के समन्वित साधना-पथ के रूप में प्रस्तुत करती है। ब्रह्मसूत्र उपनिषदों में प्रतिपादित ब्रह्मविद्या को तार्किक एवं व्यवस्थित दार्शनिक आधार प्रदान करता है। प्रस्तुत शोध-पत्र में प्रस्थानत्रयी के आलोक में धर्म की व्यापक अवधारणा, आध्यात्मिकता के स्वरूप तथा आत्म-साक्षात्कार की प्रक्रिया का विश्लेषण किया गया है। अध्ययन का प्रमुख निष्कर्ष यह है कि भारतीय दृष्टि में धर्म केवल कर्मकाण्ड या सम्प्रदायगत आस्था नहीं, बल्कि सत्य, कर्तव्य, आत्मसंयम, लोकसंग्रह और आत्मोन्नति से सम्बद्ध जीवन-पद्धति है। आध्यात्मिकता बाह्य धार्मिक पहचान से आगे बढ़कर आत्मचेतना तथा सार्वभौमिक अस्तित्व-बोध की ओर ले जाती है, जबकि आत्म-साक्षात्कार इस यात्रा की चरम परिणति है। समकालीन तनाव, नैतिक संकट, उपभोक्तावाद और मूल्य-संकट के संदर्भ में प्रस्थानत्रयी की शिक्षाएँ व्यक्ति और समाज दोनों के लिए प्रासंगिक नैतिक-आध्यात्मिक आधार प्रस्तुत करती हैं।

प्रमुख शब्द: धर्म, आध्यात्मिकता, आत्म-साक्षात्कार, प्रस्थानत्रयी, उपनिषद्, भगवद्गीता, ब्रह्मसूत्र, आत्मविद्या, ब्रह्मविद्या, मोक्ष।

1. प्रस्तावना

भारतीय चिन्तन परम्परा में मानव-जीवन को केवल भौतिक अस्तित्व के रूप में स्वीकार नहीं किया गया है। मनुष्य के जीवन का उद्देश्य शरीर, इन्द्रिय और मन की सीमाओं से आगे बढ़कर अपने वास्तविक स्वरूप का बोध प्राप्त करना माना गया है। भारतीय दर्शन में यह बोध आत्म-साक्षात्कार, आत्मज्ञान, ब्रह्मज्ञान अथवा मोक्ष के रूप में अभिव्यक्त होता है। इस दृष्टि से धर्म और आध्यात्मिकता मानव जीवन के बाह्य और आन्तरिक दोनों पक्षों को व्यवस्थित करने वाले तत्त्व हैं।

'धर्म' का सामान्य अर्थ प्रायः धार्मिक विश्वास, पूजा-पद्धति अथवा सम्प्रदाय से जोड़ दिया जाता है; किन्तु भारतीय दार्शनिक परम्परा में धर्म का अर्थ इससे कहीं व्यापक है। धर्म वह तत्त्व है जो व्यक्ति, समाज और विश्व-व्यवस्था

को धारण करता है। इसी प्रकार 'आध्यात्मिकता' केवल किसी धार्मिक संस्था से सम्बद्ध आस्था नहीं, बल्कि आत्मस्वरूप की खोज, जीवन के अन्तिम अर्थ का अन्वेषण और चेतना के उच्चतर आयामों की अनुभूति है।

इस व्यापक दृष्टि को समझने के लिए प्रस्थानत्रयी विशेष महत्त्व रखती है। 'प्रस्थानत्रयी' में तीन प्रमुख ग्रन्थ सम्मिलित हैं—उपनिषद्, भगवद्गीता और ब्रह्मसूत्र। उपनिषद् को श्रुति-प्रस्थान, भगवद्गीता को स्मृति-प्रस्थान तथा ब्रह्मसूत्र को न्याय-प्रस्थान कहा जाता है। इन तीनों का उद्देश्य ब्रह्म, आत्मा, जगत्, बन्धन और मोक्ष से सम्बन्धित मूल प्रश्नों का विवेचन करना है।

उपनिषदों में आत्मविद्या का मूल प्रश्न है—मनुष्य वास्तव में कौन है? बृहदारण्यक उपनिषद् आत्मज्ञान की साधना के लिए स्पष्ट निर्देश देता है—

"आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यः।"

(बृहदारण्यक उपनिषद्, 2.4.5; अनु. रायबहादुर बाबू जालिम सिंह, नवलकिशोर प्रेस, लखनऊ 1923)

अर्थात् आत्मा को देखना/जानना चाहिए; उसके विषय में श्रवण, मनन और निदिध्यासन करना चाहिए। यहाँ आत्म-साक्षात्कार को केवल बौद्धिक सूचना नहीं, बल्कि सुनने, विचार करने और गहन ध्यान द्वारा प्राप्त होने वाली अनुभूति माना गया है।

भगवद्गीता इस आध्यात्मिक लक्ष्य को जीवन के कर्मक्षेत्र से जोड़ती है। वह मनुष्य को संसार से पलायन करने के बजाय निष्काम कर्म, आत्मसंयम, ज्ञान और भक्ति के माध्यम से आन्तरिक रूपान्तरण का मार्ग दिखाती है। वहीं ब्रह्मसूत्र उपनिषदों में निहित ब्रह्मविद्या को सूत्रात्मक एवं तार्किक ढाँचा प्रदान करता है।

अतः प्रस्तुत शोध का उद्देश्य धर्म, आध्यात्मिकता और आत्म-साक्षात्कार के अन्तर्सम्बन्ध को प्रस्थानत्रयी के समग्र अध्ययन के माध्यम से स्पष्ट करना है।

2. शोध के उद्देश्य

प्रस्तुत अध्ययन के प्रमुख उद्देश्य निम्नलिखित हैं—

1. प्रस्थानत्रयी की दार्शनिक संरचना एवं महत्त्व का विवेचन करना।
2. उपनिषदों में धर्म, आत्मा और ब्रह्म की अवधारणा का अध्ययन करना।
3. भगवद्गीता में धर्म और आध्यात्मिक साधना के सम्बन्ध को स्पष्ट करना।
4. ब्रह्मसूत्र में ब्रह्मज्ञान एवं आत्म-साक्षात्कार के दार्शनिक आधार का विश्लेषण करना।
5. धर्म, आध्यात्मिकता और आत्म-साक्षात्कार के पारस्परिक सम्बन्ध को स्पष्ट करना।
6. समकालीन जीवन में प्रस्थानत्रयी की आध्यात्मिक एवं नैतिक प्रासंगिकता का मूल्यांकन करना।

3. शोध-पद्धति

यह अध्ययन मुख्यतः पाठ-विश्लेषणात्मक, दार्शनिक एवं तुलनात्मक पद्धति पर आधारित है। प्राथमिक स्रोत के रूप में उपनिषद्, भगवद्गीता तथा ब्रह्मसूत्रभाष्य का उपयोग किया गया है। उपनिषदों के लिए Patrick Olivelle का 1996 का संस्करण, भगवद्गीता के लिए S. Radhakrishnan का 1948 का संस्करण तथा ब्रह्मसूत्रभाष्य के लिए Swami Gambhirananda के 1965 के अनुवाद का उपयोग किया गया है। ओलिवेल के संस्करण में मूल संस्कृत से अनुवाद तथा प्रमुख उपनिषदों का व्यवस्थित पाठ उपलब्ध है; राधाकृष्णन का संस्करण संस्कृत पाठ, अंग्रेज़ी

अनुवाद, टिप्पणियाँ तथा भूमिका सहित है; जबकि गम्भीरानन्द का संस्करण शंकराचार्य के ब्रह्मसूत्रभाष्य का अंग्रेज़ी अनुवाद प्रस्तुत करता है।

4. प्रस्थानत्रयी : स्वरूप और दार्शनिक महत्त्व

प्रस्थानत्रयी भारतीय वेदान्त-दर्शन की आधारभूत त्रयी है। इसके तीन अंग मानव के आध्यात्मिक प्रश्नों को तीन भिन्न किन्तु परस्पर पूरक दृष्टियों से प्रस्तुत करते हैं।

उपनिषद् अनुभव एवं श्रुति पर आधारित आध्यात्मिक तत्त्वज्ञान प्रस्तुत करते हैं। इनमें आत्मा, ब्रह्म, जगत्, चेतना और मोक्ष से सम्बन्धित प्रश्नों का गहन विवेचन है।

भगवद्गीता दार्शनिक ज्ञान को व्यवहारिक जीवन से जोड़ती है। अर्जुन के नैतिक संकट को आधार बनाकर श्रीकृष्ण कर्म, ज्ञान, भक्ति और ध्यान के माध्यम से धर्म तथा आत्मोन्नति का मार्ग बताते हैं।

ब्रह्मसूत्र उपनिषदों में बिखरे हुए ब्रह्मविद्या-संबंधी विचारों को सूत्रात्मक रूप में व्यवस्थित करता है। इसका प्रारम्भ ही ब्रह्म की जिज्ञासा से होता है—

"अथातो ब्रह्मजिज्ञासा।"

(ब्रह्मसूत्र, 1.1.1; शंकराचार्य, 1965)

इसके पश्चात् ब्रह्म की सत्ता को जगत् के कारण के रूप में सूत्रित किया गया है—

"जन्माद्यस्य यतः।"

(ब्रह्मसूत्र, 1.1.2; शंकराचार्य, 1965)

इस प्रकार प्रस्थानत्रयी में आध्यात्मिक जीवन की तीन अवस्थाएँ दिखाई देती हैं—श्रुति से सत्य का उद्घाटन, साधना के माध्यम से उसका जीवन में प्रयोग और तर्कपूर्ण विवेचन द्वारा उसका दार्शनिक प्रतिपादन।

5. उपनिषदों में धर्म और आध्यात्मिकता

उपनिषदों में धर्म की अवधारणा बाह्य धार्मिक कर्मकाण्ड से आगे बढ़कर सत्य, आत्मविद्या और अस्तित्व के मूल स्वरूप की खोज से जुड़ती है। उपनिषदों के लिए परम ज्ञान वह है जिसके द्वारा ज्ञाता अपने वास्तविक स्वरूप को पहचानता है।

बृहदारण्यक उपनिषद् आत्मा को जानने के लिए श्रवण, मनन और निदिध्यासन की त्रिस्तरीय प्रक्रिया बताता है—

"आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यः।"

(बृहदारण्यक उपनिषद्, 2.4.5; अनु. रायबहादुर बाबू जालिम सिंह, नवलकिशोर प्रेस, लखनऊ 1923)

इसमें आध्यात्मिकता की एक महत्त्वपूर्ण विशेषता सामने आती है—आध्यात्मिक ज्ञान केवल विश्वास का विषय नहीं है; उसे सुनना, विवेकपूर्वक विचार करना और अन्ततः ध्यान में आत्मसात् करना आवश्यक है।

छान्दोग्य उपनिषद् में आत्मा और ब्रह्म की एकता को प्रसिद्ध वाक्य के माध्यम से व्यक्त किया गया है—

"तत्त्वमसि श्वेतकेतो।"

(छान्दोग्य उपनिषद्, 6.8.7; गीताप्रेस, गोरखपुर)

यहाँ 'तत्त्वमसि' व्यक्ति की वास्तविक सत्ता को सार्वभौमिक सत्य से सम्बद्ध करता है। आत्म-साक्षात्कार का अर्थ इस दृष्टि से अपने भीतर विद्यमान उस चेतना को पहचानना है जो बाह्य नाम, रूप और परिस्थितियों से परे है।

बृहदारण्यक उपनिषद् में—

"अहं ब्रह्मास्मि।"

(बृहदारण्यक उपनिषद्, 1.4.10; अनु. रायबहादुर बाबू जालिम सिंह, नवलकिशोर प्रेस, लखनऊ 1923)

का उद्घोष आत्मा और ब्रह्म की अभिन्नता की ओर संकेत करता है। यहाँ 'अहं' का अर्थ सामान्य अहंकार नहीं, बल्कि उस शुद्ध आत्मचेतना से है जो ब्रह्मस्वरूप है।

इस प्रकार उपनिषदों में आध्यात्मिकता का केन्द्र बाह्य जगत् को त्यागना मात्र नहीं, बल्कि अपने वास्तविक अस्तित्व की पहचान करना है।

6. आत्मा की अवधारणा और आत्म-साक्षात्कार

भारतीय दर्शन में आत्मा को शरीर, इन्द्रियों और मन से भिन्न माना गया है। कठोपनिषद् आत्मा की नित्यता को इस प्रकार व्यक्त करता है—

"न जायते म्रियते वा विपश्चिन्नायं कुतश्चिन्न बभूव कश्चित्।

अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो न हन्यते हन्यमाने शरीरे॥"

(कठोपनिषद्, 1.2.18; कठोपनिषद्, गीताप्रेस, गोरखपुर)

यह विचार बाद में भगवद्गीता में भी मिलता है। गीता में श्रीकृष्ण अर्जुन को बताते हैं कि आत्मा न जन्म लेती है और न मरती है। इस प्रकार आत्म-साक्षात्कार का प्रथम चरण आत्मा को शरीर और मन से पृथक् पहचानना है।

कठोपनिषद् आत्मानुभूति की प्रक्रिया को रथ-रूपक द्वारा भी समझाता है—

"आत्मानं रथिनं विद्धि शरीरं रथमेव तु।

बुद्धिं तु सारथिं विद्धि मनः प्रग्रहमेव च॥"

(कठोपनिषद्, 1.3.3; कठोपनिषद्, गीताप्रेस, गोरखपुर)

इस रूपक में शरीर रथ है, आत्मा रथी है, बुद्धि सारथी और मन लगाम है। इन्द्रियाँ घोड़ों के समान हैं। यदि बुद्धि विवेकपूर्ण है और मन नियंत्रित है, तो व्यक्ति अपने लक्ष्य तक पहुँच सकता है। यह रूपक आधुनिक मनोवैज्ञानिक दृष्टि से भी अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि इसमें आत्मसंयम, ध्यान और विवेक के बीच सम्बन्ध स्थापित किया गया है।

7. भगवद्गीता में धर्म की अवधारणा

भगवद्गीता में धर्म का स्वरूप अत्यन्त व्यापक है। अर्जुन का संकट केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं है; वह कर्तव्य, नैतिकता, सम्बन्ध और जीवन के उद्देश्य से जुड़ा हुआ संकट है। श्रीकृष्ण अर्जुन को निष्काम कर्म का सिद्धान्त बताते हैं—

"कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।

मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि॥"

(भगवद्गीता, 2.47; गीताप्रेस, गोरखपुर)

इस श्लोक में धर्म को कर्तव्य-कर्म से जोड़ा गया है, परन्तु कर्म के फल के प्रति आसक्ति से मुक्त रहने की शिक्षा दी गई है। इसका अर्थ कर्म का त्याग नहीं, बल्कि कर्म के पीछे स्थित स्वार्थपूर्ण आसक्ति का त्याग है।

गीता आगे कहती है—

"योगस्थः कुरु कर्माणि सङ्गं त्यक्त्वा धनञ्जय।

सिद्ध्यसिद्ध्योः समो भूत्वा समत्वं योग उच्यते॥"

(भगवद्गीता, 2.48; गीताप्रेस, गोरखपुर)

अर्थात् सफलता और असफलता में समभाव रखते हुए कर्म करना ही योग है। इस प्रकार धर्म व्यक्ति को बाह्य कर्तव्य और आन्तरिक समत्व दोनों प्रदान करता है।

गीता में स्वधर्म का महत्त्व भी प्रतिपादित है—

"श्रेयान्स्वधर्मो विगुणः परधर्मात्स्वनुष्ठितात्।

स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः॥"

(भगवद्गीता, 3.35; गीताप्रेस, गोरखपुर)

यहाँ स्वधर्म को व्यक्ति की प्रकृति, क्षमता, उत्तरदायित्व और जीवन-परिस्थिति से सम्बद्ध करके देखा जा सकता है। इसका व्यापक तात्पर्य यह है कि धर्म का वास्तविक पालन आत्म-संगति तथा उत्तरदायित्व के साथ होना चाहिए।

8. कर्मयोग : आध्यात्मिकता का सामाजिक आयाम

गीता की विशिष्टता यह है कि वह आध्यात्मिकता को जीवन से पृथक् नहीं करती। मनुष्य अपने कर्मों के माध्यम से भी आध्यात्मिक उन्नति प्राप्त कर सकता है।

श्रीकृष्ण कहते हैं—

"तस्मादसक्तः सततं कार्यं कर्म समाचर।

असक्तो ह्याचरन् कर्म परं आप्नोति पूरुषः॥"

(भगवद्गीता, 3.19; गीताप्रेस, गोरखपुर)

अर्थात् आसक्ति-रहित होकर कर्तव्य-कर्म करते हुए मनुष्य परम अवस्था को प्राप्त कर सकता है।

यहाँ आध्यात्मिकता संसार-विमुखता नहीं, बल्कि संसार में रहते हुए चेतना के रूपान्तरण की प्रक्रिया है। कर्मयोग व्यक्ति के भीतर तीन महत्त्वपूर्ण गुण विकसित करता है—कर्तव्यबोध, अनासक्ति और लोकहित।

गीता जनक आदि राजर्षियों का उदाहरण देकर कर्म और सिद्धि के सम्बन्ध को स्पष्ट करती है—

"कर्मणैव हि संसिद्धिमास्थिता जनकादयः।"

(भगवद्गीता, 3.20; गीताप्रेस, गोरखपुर)

इस प्रकार आध्यात्मिक जीवन सामाजिक उत्तरदायित्व से विमुख नहीं करता।

9. ज्ञानयोग और आत्म-साक्षात्कार

आत्म-साक्षात्कार का मूल आधार ज्ञान है। परन्तु गीता में ज्ञान केवल बौद्धिक जानकारी नहीं, बल्कि अस्तित्व की वास्तविकता का प्रत्यक्ष बोध है।

श्रीकृष्ण आत्मा की नित्यता को स्पष्ट करते हुए कहते हैं—

"न जायते म्रियते वा कदाचिन्

नायं भूत्वा भविता वा न भूयः।

अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो

न हन्यते हन्यमाने शरीरे॥"

(भगवद्गीता, 2.20; गीताप्रेस, गोरखपुर)

आत्मज्ञान के परिणामस्वरूप व्यक्ति शरीर, पद, सम्पत्ति, यश और अस्थायी परिस्थितियों के साथ अपनी वास्तविक पहचान को जोड़ना छोड़ देता है। इस परिवर्तन से भय, मोह और अत्यधिक आसक्ति का क्षय होता है।

ज्ञानयोग की दृष्टि से आत्म-साक्षात्कार का अर्थ 'मैं कौन हूँ?' इस मूल प्रश्न का अस्तित्वगत उत्तर प्राप्त करना है। उपनिषदों में 'तत्त्वमसि' और 'अहं ब्रह्मास्मि' जैसे महावाक्य इसी आत्मज्ञान की दिशा में संकेत करते हैं।

10. भक्तियोग : आत्म-साक्षात्कार की भावात्मक प्रक्रिया

भारतीय आध्यात्मिक परम्परा में आत्म-साक्षात्कार केवल बौद्धिक विवेक का विषय नहीं है। गीता में भक्ति को भी परम आध्यात्मिक साधना के रूप में प्रस्तुत किया गया है।

"मन्मना भव मद्भक्तो मद्याजी मां नमस्कुरु।

मामेवैष्यसि युक्त्वैवमात्मानं मत्परायणः॥"

(भगवद्गीता, 18.65; गीताप्रेस, गोरखपुर)

भक्ति में मन की दिशा परम सत्ता की ओर परिवर्तित होती है। इसके परिणामस्वरूप अहंकार, स्वार्थ और व्यक्तिगत आसक्ति का क्षय होता है।

गीता भक्त के गुणों का भी वर्णन करती है—

"अद्वेष्टा सर्वभूतानां मैत्रः करुण एव च।

निर्ममो निरहङ्कारः समदुःखसुखः क्षमी॥"

(भगवद्गीता, 12.13; गीताप्रेस, गोरखपुर)

यहाँ आध्यात्मिकता और नैतिकता का सीधा सम्बन्ध स्थापित होता है। वास्तविक आध्यात्मिकता का प्रमाण केवल ध्यान या पूजा नहीं, बल्कि व्यक्ति के व्यवहार में मैत्री, करुणा, अहंकार-शून्यता और समत्व का विकास है।

11. ध्यान और आत्मसंयम

आत्म-साक्षात्कार की प्रक्रिया में मन की भूमिका अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। गीता मन को नियंत्रित एवं प्रशिक्षित करने की आवश्यकता बताती है—

"उद्धरेदात्मनात्मानं नात्मानमवसादयेत्।

आत्मैव ह्यात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मनः॥"

(भगवद्गीता, 6.5; गीताप्रेस, गोरखपुर)

यहाँ 'आत्मा' शब्द का प्रयोग विभिन्न स्तरों पर मनुष्य के आन्तरिक व्यक्तित्व के लिए किया गया है। मनुष्य स्वयं अपनी उन्नति का साधन बन सकता है और स्वयं अपने पतन का कारण भी।

ध्यान के संदर्भ में गीता कहती है—

"यतो यतो निश्चरति मनश्चञ्चलमस्थिरम्।

ततस्ततो नियम्यैतदात्मन्येव वशं नयेत्॥"

(भगवद्गीता, 6.26; गीताप्रेस, गोरखपुर)

यह मन के निरन्तर प्रशिक्षण की प्रक्रिया है। आधुनिक जीवन में मानसिक तनाव, अस्थिरता और अत्यधिक सूचना-प्रवाह के संदर्भ में यह शिक्षा विशेष रूप से उपयोगी है।

12. ब्रह्मसूत्र और आत्म-साक्षात्कार का दार्शनिक आधार

उपनिषदों में आत्मा और ब्रह्म सम्बन्धी अनेक महत्त्वपूर्ण शिक्षाएँ हैं, किन्तु वे विभिन्न संवादों, आख्यानों और मन्त्रों में बिखरी हुई हैं। ब्रह्मसूत्र इन शिक्षाओं को व्यवस्थित दार्शनिक सूत्रों में प्रस्तुत करता है।

पहला सूत्र है—

"अथातो ब्रह्मजिज्ञासा।"

(ब्रह्मसूत्र, 1.1.1; शंकराचार्य, 1965)

अर्थात् अब ब्रह्म की जिज्ञासा करनी चाहिए। 'अब' का संकेत केवल कालगत क्रम नहीं, बल्कि उस मानसिक एवं नैतिक तैयारी की ओर भी है जिसमें मनुष्य स्थायी सत्य की खोज के लिए तत्पर होता है।

दूसरा सूत्र ब्रह्म की परिभाषा की दिशा में संकेत करता है—

"जन्माद्यस्य यतः।"

(ब्रह्मसूत्र, 1.1.2; शंकराचार्य, 1965)

जिससे जगत् की उत्पत्ति, स्थिति और लय होती है, वही ब्रह्म है। इस प्रकार ब्रह्म केवल व्यक्ति की आन्तरिक चेतना नहीं, बल्कि समस्त अस्तित्व के मूल कारण के रूप में स्थापित होता है।

तीसरे सूत्र में ब्रह्मज्ञान के स्रोत के रूप में शास्त्र का महत्त्व स्वीकार किया गया है—

"शास्त्रयोनित्वात्।"
(ब्रह्मसूत्र, 1.1.3; शंकराचार्य, 1965)

चौथे सूत्र में उपनिषदों के विभिन्न कथनों का ब्रह्म के साथ समन्वय स्थापित किया गया है—

"तत्तु समन्वयात्।"

(ब्रह्मसूत्र, 1.1.4; शंकराचार्य, 1965)

इस प्रकार ब्रह्मसूत्र आत्म-साक्षात्कार के लिए श्रुति, तर्क और दार्शनिक समन्वय का आधार प्रस्तुत करता है।

प्रयुक्त 1965 संस्करण शंकराचार्य के ब्रह्मसूत्रभाष्य का स्वामी गम्भीरानन्द द्वारा अनुवादित संस्करण है और इसमें मूल विषय बादरायण के ब्रह्मसूत्र पर शंकराचार्य की व्याख्या के रूप में प्रस्तुत है।

13. धर्म, आध्यात्मिकता और आत्म-साक्षात्कार का अन्तर्सम्बन्ध

प्रस्थानत्रयी के समग्र अध्ययन से स्पष्ट होता है कि धर्म, आध्यात्मिकता और आत्म-साक्षात्कार तीन क्रमिक किन्तु परस्पर सम्बद्ध आयाम हैं।

धर्म व्यक्ति के व्यवहार और कर्म को व्यवस्थित करता है। वह प्रश्न करता है—मुझे क्या करना चाहिए?

आध्यात्मिकता व्यक्ति को अपने अस्तित्व के गहरे स्तर की ओर ले जाती है। वह प्रश्न करती है—मैं वास्तव में कौन हूँ?

आत्म-साक्षात्कार इन दोनों प्रश्नों को अन्तिम अस्तित्वगत अनुभूति से जोड़ता है—मेरा वास्तविक स्वरूप क्या है और उसका सार्वभौमिक सत्य से क्या सम्बन्ध है?

इस दृष्टि से धर्म साधना की भूमि है, आध्यात्मिकता उसका आन्तरिक विस्तार है और आत्म-साक्षात्कार उसकी चरम परिणति।

यदि धर्म केवल बाह्य कर्मकाण्ड बन जाए तो वह आध्यात्मिकता से कट सकता है। यदि आध्यात्मिकता केवल व्यक्तिगत अनुभूति बनकर सामाजिक उत्तरदायित्व से अलग हो जाए तो वह अधूरी रह सकती है। इसी प्रकार आत्म-साक्षात्कार की चर्चा यदि नैतिक अनुशासन से पृथक् हो जाए तो वह दार्शनिक कल्पना मात्र बन सकती है।

प्रस्थानत्रयी इन तीनों को एकीकृत करती है।

14. धर्म और संकीर्ण धार्मिकता में अन्तर

समकालीन परिप्रेक्ष्य में 'धर्म' और 'धार्मिकता' के बीच अन्तर करना आवश्यक है। धर्म का व्यापक भारतीय अर्थ सत्य, कर्तव्य, नैतिकता, आत्मसंयम और लोकहित से जुड़ा है। इसके विपरीत संकीर्ण धार्मिकता बाह्य पहचान, अनुष्ठान अथवा सम्प्रदायगत आग्रह तक सीमित हो सकती है।

गीता का धर्म व्यक्ति को कर्मयोग और समत्व की ओर ले जाता है। वह धर्म को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में नैतिक उत्तरदायित्व के रूप में स्थापित करती है। इसलिए प्रस्थानत्रयी की दृष्टि में धर्म का सर्वोच्च उद्देश्य मनुष्य को भीतर से रूपान्तरित करना है।

इस संदर्भ में धर्म का मूल्यांकन उसके बाह्य रूप से अधिक उसके आन्तरिक परिणाम से किया जाना चाहिए। यदि धार्मिक आचरण व्यक्ति में सत्य, करुणा, संयम, न्याय और समत्व उत्पन्न करता है, तो वह आध्यात्मिक विकास की दिशा में अग्रसर है।

15. आत्म-साक्षात्कार और नैतिकता

आत्म-साक्षात्कार का नैतिक परिणाम अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। यदि व्यक्ति सभी प्राणियों में एक ही आत्मतत्त्व को अनुभव करता है, तो उसके व्यवहार में हिंसा, घृणा और शोषण का स्थान कम होना चाहिए।

गीता कहती है—

"समं सर्वेषु भूतेषु तिष्ठन्तं परमेश्वरम्।"

(भगवद्गीता, 13.27; गीताप्रेस, गोरखपुर)

सभी प्राणियों में स्थित परम सत्ता की समानता का बोध सामाजिक समता और करुणा का दार्शनिक आधार बन सकता है।

इसीलिए आत्म-साक्षात्कार को केवल व्यक्तिगत मुक्ति की अवधारणा के रूप में देखना उचित नहीं है। इसका नैतिक आयाम व्यक्ति के सामाजिक व्यवहार में प्रकट होता है। आत्मज्ञान का परिणाम यदि अहंकार, लोभ और हिंसा में वृद्धि हो, तो वह वास्तविक आत्मज्ञान नहीं कहा जा सकता।

16. आत्म-साक्षात्कार और मोक्ष

भारतीय दर्शन में आत्म-साक्षात्कार का सर्वोच्च लक्ष्य मोक्ष है। मोक्ष का अर्थ केवल मृत्यु के बाद किसी दूसरे लोक की प्राप्ति नहीं, बल्कि अविद्या, अहंकार और बन्धन से मुक्ति है।

उपनिषदों में आत्मविद्या इसी मुक्ति का साधन है। गीता में भी ज्ञान, कर्म और भक्ति के समन्वय से मनुष्य परम स्थिति को प्राप्त कर सकता है।

गीता का प्रसिद्ध उपदेश है—

"सर्वधर्मान्परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज।

अहं त्वां सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः॥"

(भगवद्गीता, 18.66; गीताप्रेस, गोरखपुर)

इस श्लोक की व्याख्या केवल सामाजिक या नैतिक कर्तव्यों के परित्याग के रूप में करना उचित नहीं है। गीता के समग्र सन्दर्भ में यह बाह्य धर्मों के संकीर्ण आग्रह से आगे बढ़कर परम सत्य में पूर्ण शरणागति का संकेत देता है।

अतः मोक्ष का अर्थ आत्मस्वरूप की पहचान और परम सत्य के साथ सम्बन्ध की पूर्ण अनुभूति है।

17. प्रस्थानत्रयी और आधुनिक मनोवैज्ञानिक परिप्रेक्ष्य

आज का मनुष्य भौतिक संसाधनों की प्रचुरता के बावजूद तनाव, असुरक्षा, अकेलेपन, अस्तित्वगत संकट और मानसिक अस्थिरता से जूझ रहा है। इन समस्याओं का पूर्ण समाधान केवल बाह्य संसाधनों में नहीं है।

कठोपनिषद् का रथ-रूपक इस संदर्भ में विशेष उपयोगी है। यदि इन्द्रियाँ अनियंत्रित हैं, मन अस्थिर है और बुद्धि विवेकहीन है, तो जीवन की दिशा अस्पष्ट हो सकती है। इसके विपरीत संयमित मन और विवेकपूर्ण बुद्धि व्यक्ति को लक्ष्य की ओर ले जाती है।

गीता का 'समत्व' भी मानसिक संतुलन की ओर संकेत करता है। सफलता-असफलता, लाभ-हानि, जय-पराजय जैसी द्वन्द्वात्मक स्थितियों में मानसिक संतुलन बनाए रखना व्यक्ति की आन्तरिक शक्ति को बढ़ाता है।

इस प्रकार प्रस्थानत्रयी की शिक्षाओं को आधुनिक मनोविज्ञान के विकल्प के रूप में नहीं, बल्कि आत्मचिन्तन, नैतिक अनुशासन और मानसिक संतुलन के लिए एक दार्शनिक संसाधन के रूप में देखा जा सकता है।

18. शिक्षा के क्षेत्र में प्रस्थानत्रयी की उपयोगिता

शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करने की क्षमता विकसित करना नहीं होना चाहिए। शिक्षा का एक महत्त्वपूर्ण उद्देश्य विवेक, नैतिकता, आत्मानुशासन और उत्तरदायित्व का विकास भी है।

प्रस्थानत्रयी से निम्नलिखित शैक्षिक मूल्य प्राप्त किए जा सकते हैं—

1. आत्मचिन्तन—विद्यार्थी स्वयं के विचारों और व्यवहार का निरीक्षण करना सीखे।
2. नैतिक विवेक—सही और गलत के बीच विवेकपूर्ण निर्णय की क्षमता विकसित हो।
3. कर्तव्यबोध—कर्म को केवल लाभ से नहीं, उत्तरदायित्व से जोड़ना।
4. समत्व—सफलता और असफलता दोनों में संतुलन रखना।
5. करुणा और सह-अस्तित्व—सभी प्राणियों में समान चेतना का सम्मान करना।
6. आत्मसंयम—इन्द्रियों और मन के अनुशासन को जीवन का अंग बनाना।
7. आध्यात्मिक साक्षरता—विभिन्न धार्मिक एवं दार्शनिक परम्पराओं को समझने की क्षमता विकसित करना।

इस प्रकार भारतीय ज्ञानपरम्परा के अध्ययन को आधुनिक शिक्षा में नैतिक एवं दार्शनिक विमर्श के साथ जोड़ा जा सकता है।

19. समकालीन समाज में प्रासंगिकता

प्रस्थानत्रयी की प्रासंगिकता केवल धार्मिक क्षेत्र तक सीमित नहीं है। वर्तमान समाज में तीन प्रमुख संकट विशेष रूप से दिखाई देते हैं—मूल्य-संकट, मानसिक अस्थिरता और सामाजिक विखण्डन।

धर्म व्यक्ति को कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व का बोध करा सकता है। आध्यात्मिकता उसे आन्तरिक स्थिरता और आत्मचिन्तन प्रदान कर सकती है। आत्म-साक्षात्कार की अवधारणा व्यक्ति को सीमित अहंकार से ऊपर उठाकर व्यापक अस्तित्व-बोध की ओर ले जाती है।

गीता का निष्काम कर्म उपभोक्तावादी मानसिकता के लिए एक वैकल्पिक दृष्टि प्रस्तुत करता है। उपनिषदों का आत्मविद्या-विचार मनुष्य को बाह्य उपलब्धियों से परे अपने अस्तित्व पर विचार करने के लिए प्रेरित करता है। ब्रह्मसूत्र का तर्कपूर्ण दृष्टिकोण यह स्मरण कराता है कि आध्यात्मिकता अन्धविश्वास नहीं, बल्कि गहन दार्शनिक जिज्ञासा का विषय भी है।

20. प्रमुख निष्कर्ष

प्रस्तुत अध्ययन से निम्नलिखित निष्कर्ष प्राप्त होते हैं—

प्रथम, प्रस्थानत्रयी भारतीय आध्यात्मिक दर्शन की समग्र आधारभूमि है। उपनिषद् तत्त्वज्ञान देते हैं, गीता उसे जीवन-साधना में रूपान्तरित करती है और ब्रह्मसूत्र उसका दार्शनिक समन्वय करता है।

द्वितीय, भारतीय दृष्टि में धर्म केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं है। वह कर्तव्य, नैतिकता, आत्मसंयम, सत्य और लोकहित से सम्बद्ध जीवन-पद्धति है।

तृतीय, आध्यात्मिकता का केन्द्र बाह्य धार्मिक पहचान के बजाय आत्मचेतना है। उपनिषदों का "तत्त्वमसि" और "अहं ब्रह्मास्मि" व्यक्ति को अपने वास्तविक स्वरूप की खोज के लिए प्रेरित करता है।

चतुर्थ, आत्म-साक्षात्कार एक बहुआयामी प्रक्रिया है। इसमें श्रवण, मनन, निदिध्यासन, कर्मयोग, ज्ञानयोग, भक्तियोग और ध्यानयोग परस्पर पूरक हैं।

पंचम, गीता धर्म और आध्यात्मिकता के बीच सेतु का कार्य करती है। वह संसार से पलायन नहीं, बल्कि अनासक्त एवं उत्तरदायी कर्म द्वारा आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग बताती है।

षष्ठ, आत्म-साक्षात्कार का सामाजिक परिणाम करुणा, समत्व, अहिंसा, आत्मसंयम और लोकहित के रूप में प्रकट होना चाहिए।

सप्तम, प्रस्थानत्रयी आधुनिक मनुष्य के मानसिक एवं नैतिक संकटों के संदर्भ में आत्मचिन्तन, समत्व और मूल्य-आधारित जीवन की प्रेरणा प्रदान करती है।

21. उपसंहार

धर्म, आध्यात्मिकता और आत्म-साक्षात्कार को यदि भारतीय दार्शनिक परम्परा की समग्र दृष्टि से देखा जाए, तो ये तीन अलग-अलग अवधारणाएँ न होकर मानव जीवन की एक क्रमिक विकास-यात्रा हैं। धर्म व्यक्ति के कर्म और आचरण को शुद्ध करता है; आध्यात्मिकता उसकी चेतना को अन्तर्मुखी करती है; और आत्म-साक्षात्कार उसे अपने वास्तविक स्वरूप का बोध कराता है।

प्रस्थानत्रयी इस यात्रा को अत्यन्त गहराई से प्रस्तुत करती है। उपनिषद् मनुष्य को उसके मूल अस्तित्व की खोज के लिए प्रेरित करते हैं—"तत्त्वमसि" और "अहं ब्रह्मास्मि" जैसे महावाक्य आत्मा और परम सत्य के सम्बन्ध पर विचार करने के लिए बाध्य करते हैं। भगवद्गीता जीवन के संघर्षों के बीच धर्म, कर्म, ज्ञान और भक्ति के समन्वय से आत्मोन्नति का मार्ग दिखाती है। ब्रह्मसूत्र ब्रह्मविद्या को तार्किक एवं व्यवस्थित आधार प्रदान करता है।

इस दृष्टि से आत्म-साक्षात्कार संसार से पलायन नहीं, बल्कि संसार में रहते हुए चेतना के परिष्कार की प्रक्रिया है। वास्तविक आध्यात्मिकता व्यक्ति को समाज से अलग नहीं करती; बल्कि उसमें करुणा, उत्तरदायित्व और लोकमंगल की भावना उत्पन्न करती है।

आज जब मनुष्य बाह्य उपलब्धियों के बावजूद आन्तरिक अस्थिरता का अनुभव कर रहा है, तब प्रस्थानत्रयी का संदेश विशेष महत्त्व रखता है। इसकी मूल प्रेरणा यह है कि मनुष्य अपने जीवन को केवल भौतिक सफलता की कसौटी पर न मापे, बल्कि अपने अस्तित्व, कर्तव्य, चेतना और अन्तिम सत्य के सम्बन्ध पर भी विचार करे।

अतः धर्म को नैतिक जीवन-पद्धति, आध्यात्मिकता को आत्मचेतना की यात्रा और आत्म-साक्षात्कार को मानव जीवन की चरम आत्मबोधात्मक उपलब्धि के रूप में समझना प्रस्थानत्रयी की समन्वित दृष्टि को अधिक सार्थक रूप में प्रस्तुत करता है। यही दृष्टि भारतीय दर्शन की उस मूल भावना को अभिव्यक्त करती है जिसमें व्यक्ति की मुक्ति और व्यापक कल्याण एक-दूसरे से पृथक् नहीं हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची:

प्राथमिक ग्रंथ

ओलिवेल, पी. (1996). *उपनिषद् (Upaniṣads).* ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, ऑक्सफोर्ड एवं न्यूयॉर्क।

राधाकृष्णन, एस. (1948). *भगवद्गीता: भूमिका, संस्कृत पाठ, अंग्रेज़ी अनुवाद एवं टिप्पणियों सहित (The Bhagavadgita: With an Introductory Essay, Sanskrit Text, English Translation and Notes).* G. Allen and Unwin, लंदन।

शंकराचार्य. (1965). *ब्रह्मसूत्रभाष्य ऑफ श्री शंकराचार्य (Brahma-sūtra-bhāṣya of Śrī Śaṅkarācārya)* (स्वामी गम्भीरानन्द, अनुवादक). अद्वैत आश्रम, कलकत्ता।

सहायक ग्रंथ

हिरियन्ना, एम. (1948). *The essentials of Indian philosophy*. George Allen & Unwin, London.

राधाकृष्णन, एस., & मूर, सी. ए. (Eds.). (1957). *A source book in Indian philosophy*. Princeton University Press, Princeton.

शर्मा, बी. एन. के. (2008). *A history of the Dvaita school of Vedānta and its literature* (3rd ed.). Motilal Banarsidass, Delhi.

देउस्श, ई. (1969). *Advaita Vedānta: A philosophical reconstruction*. University of Hawaii Press, Honolulu.

ज़ैहनर, आर. सी. (1969). *The Bhagavad-Gītā*. Oxford University Press, London.

अंतःपाठीय उद्धरण

- उपनिषद्: (बृहदारण्यक उपनिषद्, 2.4.5; अनु. रायबहादुर बाबू जालिम सिंह, नवलकिशोर प्रेस, लखनऊ 1923)
- उपनिषद्: (छान्दोग्य उपनिषद्, 6.8.7; अनु. रायबहादुर बाबू जालिम सिंह, नवलकिशोर प्रेस, लखनऊ 1923)
- भगवद्गीता: (भगवद्गीता, 2.47; गीताप्रेस, गोरखपुर)
- भगवद्गीता: (भगवद्गीता, 6.5; गीताप्रेस, गोरखपुर)
- ब्रह्मसूत्र: (ब्रह्मसूत्र, 1.1.1; शंकराचार्य, 1965)
- ब्रह्मसूत्र: (ब्रह्मसूत्र, 1.1.4; शंकराचार्य, 1965)

Shikshan Sanshodhan : Journal of Arts, Humanities and Social Sciences ISSN: 2581-6241
Monthly, Peer-Reviewed, Refereed, Indexed Journal Impact Factor: 9.134
Volume - 9, Special Issue - 16, September - 2026 Publication Date: 30/09/2026

DOIs:10.2018/SS/ICLLR-2026-A02 --:-- Research Paper / Article / Review

International Conference on Literature, Languages and Religions (ICLLR-2026)
[साहित्य, भाषाओं और धर्मों पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन]
Date: 19 – 20 September, 2026

धर्म और दर्शन के कतिपय विरोधाभास

डॉ. विनोद कुमार रॉय
वरीय सहायक प्राध्यापक, संस्कृत विभाग, एस.एस. कॉलेज, जहानाबाद,
मगध विश्वविद्यालय, बोधगया, बिहार, भारत
E-mail: royvinodkumar@gmail.com

सारांश: धर्म और दर्शन मानव-चिन्तन की दो अत्यन्त महत्त्वपूर्ण धाराएँ हैं। धर्म और दर्शन के बीच विरोधाभास वस्तुत: प्रातिभासिकी है। ये दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। दोनों का मूल विषय जीवन, जगत्, मनुष्य, सत्य, मूल्य और परम सत्ता से सम्बन्धित प्रश्नों का समाधान करना है, किन्तु उनकी पद्धति, अभिव्यक्ति और ज्ञानमीमांसात्मक आधार में पर्याप्त भिन्नताएँ दिखाई देती हैं। धर्म सामान्यतः श्रद्धा, आस्था, परम्परा, अनुभूति, नैतिक अनुशासन और आध्यात्मिक साधना पर बल देता है, जबकि दर्शन तर्क, विवेक, विश्लेषण, प्रमाण और आलोचनात्मक चिन्तन को प्राथमिकता देता है।धर्म इसी कारण धर्म और दर्शन के मध्य ईश्वर के अस्तित्व, आत्मा, जगत्, कर्मकाण्ड, नैतिकता, ज्ञान के साधन, मोक्ष तथा धार्मिक बहुलता जैसे विषयों पर अनेक प्रकार के प्रत्यक्ष या प्रतीत होने वाले विरोधाभास दिखाई देते हैं। प्रस्तुत शोध-पत्र में इन विरोधाभासों का विश्लेषण करता है। यह विश्लेषण उपनिषद्, भगवद्गीता और ब्रह्मसूत्र के सन्दर्भ में किया गया है। यह प्रतिपादित लिया गया है कि धर्म और दर्शन को पूर्णतः परस्पर विरोधी मानना भारतीय परम्परा के अनुरूप नहीं है। भारतीय चिन्तन में दर्शन धर्म की आलोचनात्मक व्याख्या करता है। धर्म दर्शन को अस्तित्वगत तथा आध्यात्मिक आधार प्रदान करता है। तथापि धर्म के रूढ़, सम्प्रदायगत और कर्मकाण्डप्रधान रूप तथा दर्शन के तर्कप्रधान स्वरूप के बीच वास्तविक तनाव उत्पन्न हो सकता है। इसी प्रकार अनुभव और तर्क, श्रद्धा और संशय, परम्परा और विवेक, ईश्वरवाद और निरीश्वरवाद तथा मोक्ष के साधनों के विषय में विभिन्न भारतीय दर्शनों में मतभेद मिलते हैं। निष्कर्षतः धर्म और दर्शन के बीच विद्यमान विरोधाभास मूलतः संवाद और समन्वय की सम्भावना को समाप्त नहीं करते, बल्कि मानव जीवन के गहन प्रश्नों को अधिक व्यापक ढंग से समझने का अवसर प्रदान करते हैं।

प्रमुख शब्द: धर्म, दर्शन, विरोधाभास, आस्था, तर्क, विवेक, ईश्वर, आत्मा, कर्मकाण्ड, मोक्ष, भारतीय दर्शन।

1. प्रस्तावना

मानव सभ्यता के विकास के साथ मनुष्य ने अपने अस्तित्व और संसार के स्वरूप से सम्बन्धित अनेक प्रश्न उठाए हैं—मैं कौन हूँ? संसार की उत्पत्ति कैसे हुई? क्या कोई परम सत्ता है? मृत्यु के बाद क्या होता है? जीवन का उद्देश्य क्या है? मनुष्य को किस प्रकार का जीवन जीना चाहिए? सुख और दुःख का वास्तविक कारण क्या है? क्या कोई ऐसा ज्ञान सम्भव है जो मनुष्य को अन्तिम सत्य तक पहुँचा सके?

इन प्रश्नों के उत्तर देने का प्रयास धर्म और दर्शन दोनों ने किया है। धर्म और दर्शन दोनों को मानव लक्ष्य की खोज की मूल प्रवृत्तियों की अभिव्यक्ति माना जा सकता है। धर्म और दर्शन दोनों के स्वरूप में स्पष्ट अन्तर है। धर्म के अंतर्गत प्रायः आस्था, श्रद्धा, आध्यात्मिक अनुभूति, धार्मिक परम्परा और नैतिक अनुशासन महत्त्वपूर्ण होता है। दर्शन किसी भी मान्यता को तर्क, अनुभव और प्रमाण की कसौटी पर परखने का प्रयत्न करता है।

'दर्शन' शब्द की व्युत्पत्ति अर्थपूर्ण है। संस्कृत की 'दृश्' धातु से निष्पन्न 'दर्शन' का सामान्य अर्थ है—देखना, साक्षात्कार करना अथवा सत्य का अवलोकन। इसलिए भारतीय दर्शन केवल बौद्धिक वाद-विवाद नहीं, बल्कि सत्य के साक्षात्कार का साधन भी है।

इसी प्रकार भारतीय अर्थ में धर्म केवल पूजा-पद्धति या सम्प्रदाय नहीं है। 'धृ' धातु से निर्मित 'धर्म' का तात्पर्य धारण करने से है। धर्म व्यक्ति, समाज और विश्व-व्यवस्था को धारण करने वाली नैतिक एवं आध्यात्मिक शक्ति के रूप में समझा जाना चाहिए।

फिर भी व्यावहारिक जीवन में धर्म और दर्शन के बीच अनेक विरोधाभास दिखाई देते हैं। धर्म जहाँ कभी-कभी प्रश्नों के समाधान के लिए विश्वास और परम्परा को पर्याप्त मान लेता है, दर्शन प्रश्न पूछने और तर्क करने पर बल देता है। धर्म जहाँ पवित्र ग्रंथों को प्रमाण मान सकता है, दर्शन प्रमाणों की वैधता पर भी प्रश्न उठा सकता है। धर्म का उद्देश्य कभी-कभी मुक्ति, ईश्वर-साक्षात्कार या आध्यात्मिक शान्ति होता है, जबकि दर्शन उसी लक्ष्य की तार्किक सम्भावना की परीक्षा कर सकता है।

प्रस्तुत शोध-पत्र में इन्हीं विरोधाभासों का विश्लेषण किया गया है। यहाँ 'विरोधाभास' का अर्थ केवल पारस्परिक विरोध नहीं, बल्कि तनाव, अन्तर, मतभेद तथा दृष्टिकोणगत भिन्नता से है।

2. शोध के उद्देश्य

प्रस्तुत अध्ययन के प्रमुख उद्देश्य निम्नलिखित हैं—

1. धर्म और दर्शन की मूल अवधारणाओं को स्पष्ट करना।
2. धर्म और दर्शन के ज्ञानमीमांसात्मक आधारों में विद्यमान अन्तरों का विश्लेषण करना।
3. आस्था और तर्क के बीच विद्यमान तनाव को स्पष्ट करना।
4. ईश्वर, आत्मा, जगत् और मोक्ष के सम्बन्ध में धर्म-दर्शन के मतभेदों का अध्ययन करना।
5. कर्मकाण्ड एवं दार्शनिक विवेक के बीच विरोधाभास का विवेचन करना।
6. भारतीय दार्शनिक परम्पराओं में धर्म और दर्शन के समन्वय की सम्भावना को रेखांकित करना।
7. आधुनिक जीवन में धर्म और दर्शन के परस्पर सम्बन्ध की प्रासंगिकता स्पष्ट करना।

3. शोध-पद्धति

प्रस्तुत शोध मुख्यतः दार्शनिक, विश्लेषणात्मक, तुलनात्मक एवं पाठ-विश्लेषणात्मक पद्धति पर आधारित है। प्राथमिक स्रोत के रूप में उपनिषद्, भगवद्गीता और ब्रह्मसूत्रभाष्य का उपयोग किया गया है। उपनिषदों के लिए Patrick Olivelle का 1996 का संस्करण, भगवद्गीता के लिए S. Radhakrishnan का 1948 का संस्करण तथा ब्रह्मसूत्रभाष्य के लिए Swami Gambhirananda के 1965 के संस्करण का आधार लिया गया है।

सहायक स्रोतों के रूप में भारतीय दर्शन के आधुनिक लेखकों की पुस्तकों का उपयोग किया गया है। विशेष रूप से 1923 में प्रकाशित S. Radhakrishnan की *Indian Philosophy* प्रथम खण्ड भारतीय दर्शन की विभिन्न परम्पराओं के ऐतिहासिक और दार्शनिक विश्लेषण के लिए महत्त्वपूर्ण स्रोत है।

4. धर्म : अवधारणा और स्वरूप

धर्म भारतीय संस्कृति का अत्यन्त व्यापक और बहुआयामी प्रत्यय है। इसे केवल 'Religion' के अंग्रेज़ी अर्थ में सीमित करना उचित नहीं है। धर्म में नैतिकता, कर्तव्य, सामाजिक व्यवस्था, आचार, सत्य, आत्मसंयम, आध्यात्मिक साधना और लोकमंगल सभी सम्मिलित हो सकते हैं।

भगवद्गीता में धर्म जीवन के कर्तव्य से जुड़ता है। अर्जुन का युद्ध-संकट वास्तव में धर्म और अधर्म, कर्तव्य और मोह, व्यक्तिगत सम्बन्ध और सामाजिक उत्तरदायित्व के बीच उत्पन्न संघर्ष है।

गीता कहती है—

"श्रेयान्स्वधर्मो विगुणः परधर्मात्स्वनुष्ठितात्।

स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः॥"

(भगवद्गीता, 3.35; गीताप्रेस, गोरखपुर)

यहाँ धर्म व्यक्ति के स्वभाव, स्थिति और कर्तव्य से सम्बद्ध है। अतः धर्म केवल पूजा नहीं, बल्कि जीवन में उचित कर्म का निर्धारण करने वाला सिद्धान्त है।

इसी प्रकार धर्म का एक सामाजिक पक्ष भी है। व्यक्ति के कर्तव्य, परिवार के प्रति उत्तरदायित्व, समाज के प्रति दायित्व तथा लोकहित की भावना धर्म के व्यापक स्वरूप में सम्मिलित हैं।

इस प्रकार धर्म को तीन स्तरों पर समझा जा सकता है—

1. व्यक्तिगत धर्म—आत्मसंयम, सत्य, सदाचार।
2. सामाजिक धर्म—कर्तव्य, न्याय, उत्तरदायित्व।
3. आध्यात्मिक धर्म—आत्मज्ञान, ईश्वर-प्राप्ति और मोक्ष।

5. दर्शन : स्वरूप और उद्देश्य

दर्शन का मूल प्रयोजन सत्य का विवेकपूर्ण अन्वेषण है। दर्शन किसी मान्यता को केवल इसलिए स्वीकार नहीं करता कि वह प्राचीन है या लोकप्रिय है; वह उसके आधार, प्रमाण और तार्किक संगति की परीक्षा करता है।

भारतीय दर्शन की यह विशेषता उल्लेखनीय है कि यहाँ दर्शन को केवल बौद्धिक तर्क का क्षेत्र नहीं माना गया। सांख्य, योग, न्याय, वैशेषिक, मीमांसा और वेदान्त जैसे दर्शनों में ज्ञान का सम्बन्ध जीवन के परम प्रयोजन से जोड़ा गया है।

जीवन के परम प्रयोजन की सिद्धि विभिन्न दार्शनिक मतों में अलग-अलग विधि से बतायी गयी है। न्याय दर्शन का आग्रह प्रमाण और तर्क पर है। सांख्य का प्रकृति और पुरुष का विवेक है। योगदर्शन चित्तवृत्ति-निरोध को अपनाता है। वेदान्त ब्रह्म और आत्मा के ऐक्य के ज्ञान में परम प्रयोजन की खोज करता है।

इसलिए भारतीय दर्शन का लक्ष्य मात्र 'जानना' नहीं, बल्कि जानकर जीवन को रूपान्तरित करना भी है।

यहीं धर्म और दर्शन के बीच एक महत्त्वपूर्ण साम्य दिखाई देता है। दोनों मनुष्य को उसके वर्तमान सीमित जीवन से ऊपर उठाने की आकांक्षा रखते हैं। अन्तर मुख्यतः उनके दृष्टिकोण और साधनों में है।

6. पहला विरोधाभास : आस्था और तर्क

धर्म और दर्शन के मध्य सबसे प्रमुख प्रतीत होने वाला विरोधाभास आस्था और तर्क का है।

धार्मिक जीवन में श्रद्धा का महत्त्व है। धार्मिक व्यक्ति किसी सिद्धान्त या पवित्र ग्रंथ को सत्य मानकर उसके अनुसार जीवन का निर्माण कर सकता है। दर्शन इसके विपरीत प्रश्न करता है—किसी बात को सत्य क्यों माना जाए? उसका प्रमाण क्या है? क्या उसके विपरीत कोई सम्भावना है?

यहाँ धर्म का आग्रह 'विश्वास' पर और दर्शन का आग्रह 'विवेक' पर दिखाई देता है।

किन्तु भारतीय उपनिषद्-परम्परा इस विरोध को पूर्णतः स्वीकार नहीं करती। बृहदारण्यक उपनिषद् आत्मज्ञान के लिए तीन अवस्थाएँ बताता है—

"श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यः।"

(बृहदारण्यक उपनिषद्, 2.4.5; अनु. रायबहादुर बाबू जालिम सिंह, नवलकिशोर प्रेस, लखनऊ 1923)

यहाँ 'श्रवण' के बाद 'मनन' का निर्देश दिया गया है। अर्थात् परम्परा से प्राप्त सत्य को भी विचार की कसौटी पर समझना आवश्यक है।

इस प्रकार भारतीय आध्यात्मिक दृष्टि में श्रद्धा और तर्क परस्पर पूर्ण विरोधी नहीं हैं। श्रद्धा खोज का प्रारम्भ हो सकती है, किन्तु मनन और अनुभव उसकी पुष्टि या गहन समझ के साधन बनते हैं।

7. दूसरा विरोधाभास : धर्म और संशय

धर्म सामान्यतः निश्चितता प्रदान करता है। धार्मिक परम्परा यह बताती है कि जीवन का उद्देश्य क्या है, संसार का मूल क्या है और मनुष्य को किस प्रकार आचरण करना चाहिए।

दर्शन इसके विपरीत संशय से प्रारम्भ हो सकता है। दार्शनिक दृष्टि में प्रश्न करना ज्ञान की प्रक्रिया का अनिवार्य अंग है।

भारतीय परम्परा में संशय को हमेशा नकारात्मक नहीं माना गया। न्याय दर्शन में संशय ज्ञानमीमांसा की प्रक्रिया का एक महत्त्वपूर्ण चरण है। किसी वस्तु के विषय में निश्चित ज्ञान प्राप्त करने से पहले संशय उत्पन्न हो सकता है। उसके बाद प्रमाण और तर्क के माध्यम से निर्णय की ओर बढ़ा जाता है।

इस दृष्टि से संशय धर्म का विरोधी नहीं, बल्कि अन्धविश्वास का विरोधी है।

जहाँ धर्म अपने स्वस्थ रूप में व्यक्ति को सत्य की ओर ले जाता है, वहीं दर्शन यह पूछता है कि सत्य तक पहुँचने की प्रक्रिया वैध और प्रमाणित है या नहीं।

8. तीसरा विरोधाभास : शास्त्र और तर्क

धर्म का एक महत्त्वपूर्ण आधार शास्त्र है। हिन्दू परम्परा में वेद को अपौरुषेय और प्रामाणिक माना गया है। वेदान्त में उपनिषद् ब्रह्मविद्या का प्रमुख स्रोत हैं।

ब्रह्मसूत्र में कहा गया है—

"शास्त्रयोनित्वात्।"
(ब्रह्मसूत्र, 1.1.3; शंकराचार्य, 1965)

यह सूत्र ब्रह्म के ज्ञान में शास्त्र की भूमिका को स्वीकार करता है।

किन्तु दर्शन शास्त्र-वचन की व्याख्या, अर्थ और संगति पर भी विचार करता है। यही कारण है कि वेदान्त की विभिन्न शाखाओं—अद्वैत, विशिष्टाद्वैत और द्वैत—ने समान उपनिषद्, गीता और ब्रह्मसूत्र के आधार पर अलग-अलग दार्शनिक निष्कर्ष प्रस्तुत किए।

इससे स्पष्ट होता है कि शास्त्र स्वयं एक ही निष्कर्ष को यांत्रिक रूप से निर्धारित नहीं करता; उसकी व्याख्या के लिए तर्क, भाषा-विवेक और दार्शनिक पद्धति आवश्यक है।

अतः शास्त्र और तर्क के बीच विरोधाभास के स्थान पर शास्त्र और तर्क के परस्पर पूरक सम्बन्ध को अधिक उपयुक्त माना जा सकता है।

9. चौथा विरोधाभास : कर्मकाण्ड और ज्ञान

धार्मिक जीवन में कर्मकाण्ड का महत्त्व रहा है। यज्ञ, पूजा, व्रत, उपवास, तीर्थ और विभिन्न धार्मिक संस्कार व्यक्ति तथा समुदाय के धार्मिक जीवन को व्यवस्थित करते हैं।

किन्तु दर्शन प्रश्न करता है कि क्या बाह्य कर्मकाण्ड ही आध्यात्मिक मुक्ति के लिए पर्याप्त हैं?

उपनिषदों में कर्मकाण्ड की सीमाओं से आगे ज्ञान की ओर बढ़ने की प्रेरणा दिखाई देती है। मुण्डक उपनिषद् उच्चतर और निम्नतर विद्याओं में अन्तर करते हुए ज्ञान की ऐसी दिशा प्रस्तुत करता है जो परम सत्य की अनुभूति की ओर ले जाती है।

यहाँ धर्म के बाह्य रूप और दर्शन के आन्तरिक ज्ञान के बीच तनाव दिखाई देता है।

भगवद्गीता इस विरोध को कर्मयोग द्वारा एक नए रूप में प्रस्तुत करती है। वह कर्म का त्याग नहीं करती, बल्कि कर्म में आसक्ति के त्याग की शिक्षा देती है—

"कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।"

(भगवद्गीता, 2.47; गीताप्रेस, गोरखपुर)

इससे स्पष्ट है कि समस्या कर्म में नहीं, बल्कि कर्म के प्रति आसक्ति में है।

अतः भारतीय दर्शन में कर्म और ज्ञान को अनिवार्यतः विरोधी मानना उचित नहीं है।

10. पाँचवाँ विरोधाभास : ईश्वर में विश्वास और दार्शनिक प्रमाण

धर्म का एक प्रमुख विषय ईश्वर में विश्वास है। धर्म ईश्वर को सृष्टिकर्ता, नियन्ता, पालनकर्ता अथवा परम सत्य के रूप में स्वीकार कर सकता है।

दर्शन प्रश्न करता है—ईश्वर का अस्तित्व कैसे सिद्ध किया जाए?

न्याय दर्शन ईश्वर के अस्तित्व के पक्ष में तार्किक तर्क प्रस्तुत करता है। सांख्य के शास्त्रीय रूप में ईश्वर की आवश्यकता नहीं मानी गई। बौद्ध और जैन दर्शन भी वैदिक ईश्वरवाद से भिन्न दृष्टिकोण रखते हैं।

वेदान्त में ब्रह्म को परम तत्त्व के रूप में स्वीकार किया गया है। ब्रह्मसूत्र कहता है—

"जन्माद्यस्य यतः।"

(ब्रह्मसूत्र, 1.1.2; शंकराचार्य, 1965)

जिससे जगत् की उत्पत्ति आदि होती है, वह ब्रह्म है।

यहाँ 'ब्रह्म' और लोकप्रिय धार्मिक 'ईश्वर' की अवधारणाओं में सूक्ष्म अन्तर है। अद्वैत वेदान्त में निर्गुण ब्रह्म परम सत्य है, जबकि सगुण ईश्वर व्यावहारिक स्तर पर जगत् के नियन्ता के रूप में स्वीकार किया जाता है।

इस प्रकार दर्शन धार्मिक ईश्वर-कल्पना को अधिक सूक्ष्म तात्त्विक अवधारणा में रूपान्तरित कर सकता है।

11. छठा विरोधाभास : आत्मा और अनात्मवाद

धार्मिक परम्पराओं में आत्मा की अमरता का विश्वास व्यापक रूप से मिलता है। उपनिषद् आत्मा को जीवन का परम तत्त्व मानते हैं।

कठोपनिषद् कहता है—

"न जायते म्रियते वा विपश्चिन्नायं कुतश्चिन्न बभूव कश्चित्।"

(कठोपनिषद्, 1.2.18; गीताप्रेस, गोरखपुर)

अर्थात् आत्मा न जन्म लेती है और न मरती है।

इसके विपरीत बौद्ध दर्शन स्थायी आत्मा की अवधारणा को स्वीकार नहीं करता और 'अनात्मवाद' का प्रतिपादन करता है। यहाँ धर्म और दर्शन के बीच नहीं, बल्कि अलग-अलग दार्शनिक-धार्मिक परम्पराओं के बीच गहरा मतभेद दिखाई देता है।

इस विरोधाभास का महत्त्व इसलिए है कि इससे स्पष्ट होता है कि धार्मिक अनुभव के प्रश्नों पर भी विभिन्न दार्शनिक निष्कर्ष सम्भव हैं।

अतः धर्म को एकरूप मानना भारतीय बौद्धिक परम्परा के बहुलतावादी स्वरूप के विपरीत होगा।

12. सातवाँ विरोधाभास : जगत् वास्तविक है या मायिक?

जगत् की वास्तविकता धर्म और दर्शन के बीच अत्यन्त महत्त्वपूर्ण प्रश्न है।

सामान्य धार्मिक दृष्टि में संसार ईश्वर की सृष्टि है और इसलिए उसका एक वास्तविक अस्तित्व स्वीकार किया जाता है। अद्वैत वेदान्त में जगत् की सत्ता को ब्रह्म की परम सत्ता की तुलना में भिन्न स्तर पर समझा जाता है।

उपनिषद् ब्रह्म को परम सत्य के रूप में प्रस्तुत करते हैं। छान्दोग्य उपनिषद् में कहा गया है—

"सदेव सोम्येदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीयम्।"

(छान्दोग्य उपनिषद्, 6.2.1; गीताप्रेस, गोरखपुर)

अर्थात् प्रारम्भ में केवल सत् था, जो एक और अद्वितीय था।

दार्शनिक मतों में इस कथन से जगत् और ब्रह्म के सम्बन्ध की कई प्रकार से व्याख्याएँ दी गयी हैं। अद्वैत, विशिष्टाद्वैत और द्वैत वेदान्त के बीच जगत् की वास्तविकता तथा ब्रह्म-जगत्-जीव सम्बन्ध को लेकर महत्त्वपूर्ण मतभेद हैं।

इस प्रकार एक ही धार्मिक परम्परा के भीतर भी दर्शन अनेक दार्शनिक निष्कर्ष उत्पन्न कर सकता है।

13. आठवाँ विरोधाभास : श्रद्धा और अनुभव

धर्म में श्रद्धा आवश्यक मानी जाती है, किन्तु दर्शन अनुभव की भूमिका को भी महत्त्व देता है।

उपनिषदों का आत्मज्ञान मात्र किसी सिद्धान्त को मान लेना नहीं है। बृहदारण्यक उपनिषद् आत्मा के सम्बन्ध में श्रवण, मनन और निदिध्यासन की प्रक्रिया बताता है—

"आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यः।"

(बृहदारण्यक उपनिषद्, 2.4.5; अनु. रायबहादुर बाबू जालिम सिंह, नवलकिशोर प्रेस, लखनऊ 1923)

यहाँ आध्यात्मिक सत्य को अन्ततः अनुभूत करने की आवश्यकता है।

इस प्रकार धर्म की श्रद्धा और दर्शन का अनुभववाद एक दूसरे से पूर्णतः विरोधी नहीं हैं। बल्कि श्रद्धा साधना के लिए प्रेरित कर सकती है और अनुभव उस साधना का सत्यापन बन सकता है।

14. नौवाँ विरोधाभास : परम्परा और स्वतंत्र चिन्तन

धर्म परम्परा को संरक्षित करता है। धार्मिक परम्पराएँ पीढ़ी-दर-पीढ़ी मूल्य, विश्वास, संस्कार और जीवन-पद्धति का हस्तान्तरण करती हैं।

दर्शन परम्परा का सम्मान करते हुए भी उससे प्रश्न कर सकता है।

भारतीय दर्शन का इतिहास इसका उत्कृष्ट उदाहरण है। वेद-प्रधान आस्तिक दर्शनों के साथ-साथ बौद्ध, जैन और चार्वाक जैसी परम्पराओं ने वैदिक प्रामाण्य तथा अनेक स्थापित धारणाओं को चुनौती दी।

चार्वाक ने प्रत्यक्ष को प्रमुख प्रमाण माना और परलोक तथा आत्मा जैसी पारलौकिक धारणाओं को स्वीकार नहीं किया। बौद्ध दर्शन ने वैदिक कर्मकाण्ड की अपेक्षा दुःख, उसके कारण और उसके निरोध पर बल दिया। जैन दर्शन ने अनेकान्तवाद के माध्यम से सत्य की बहुआयामी प्रकृति को प्रतिपादित किया।

इससे भारतीय परम्परा की एक विशिष्ट विशेषता सामने आती है—परम्परा के भीतर असहमति की स्वीकृति।

15. दसवाँ विरोधाभास : एक सत्य और अनेक मत

धार्मिक दृष्टि कभी-कभी अपने सिद्धान्त को अंतिम सत्य के रूप में प्रस्तुत करती है। इससे सम्प्रदायगत आग्रह उत्पन्न हो सकता है।

दर्शन इसके विपरीत विभिन्न मतों की तुलना करता है। भारतीय दर्शन में एक ही समस्या के अनेक उत्तर मिलते हैं।

वेदान्त में ही अद्वैत, विशिष्टाद्वैत और द्वैत के अतिरिक्त अनेक उप-परम्पराएँ विकसित हुईं। इसी प्रकार ज्ञानमीमांसा, तत्त्वमीमांसा और मोक्ष के साधनों को लेकर विभिन्न मत हैं।

इस बहुलता से यह स्पष्ट होता है कि धार्मिक प्रश्नों का दार्शनिक विवेचन एकाधिक सम्भावनाओं को जन्म दे सकता है।

यहाँ धर्म और दर्शन के बीच विरोधाभास का एक रचनात्मक रूप सामने आता है। धर्म व्यक्ति को सत्य की ओर उन्मुख करता है, जबकि दर्शन उसे यह समझने में सहायता देता है कि सत्य की व्याख्या अनेक दृष्टियों से सम्भव हो सकती है।

16. ग्यारहवाँ विरोधाभास : कर्म और स्वतंत्रता

धार्मिक कर्म-सिद्धान्त के अनुसार वर्तमान जीवन की परिस्थितियों पर पूर्वकर्मों का प्रभाव माना जाता है। इससे प्रश्न उठता है कि यदि सब कुछ कर्मफल से निर्धारित है, तो मनुष्य की स्वतंत्रता कहाँ है?

भगवद्गीता कर्म को स्वीकार करती है, लेकिन मनुष्य को कर्म करने का अधिकार भी देती है—

"कर्मण्येवाधिकारस्ते..."
(भगवद्गीता, 2.47; गीताप्रेस, गोरखपुर)

यहाँ मनुष्य कर्म करने में सक्रिय है, जबकि फल पर उसका पूर्ण अधिकार नहीं है।

गीता कर्म को नियतिवाद में बदलने के बजाय उत्तरदायित्व की भावना से जोड़ती है। इसलिए कर्म-सिद्धान्त का उद्देश्य मनुष्य की स्वतंत्रता समाप्त करना नहीं, बल्कि उसके कर्मों के नैतिक परिणाम के प्रति सजग करना है।

इस प्रकार कर्म और स्वतंत्रता के बीच दिखाई देने वाला विरोधाभास एक अधिक सूक्ष्म नैतिक दर्शन में रूपान्तरित हो जाता है।

17. बारहवाँ विरोधाभास : व्यक्तिगत मोक्ष और सामाजिक उत्तरदायित्व

धर्म और दर्शन दोनों में मोक्ष को मानव जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य माना गया है। लेकिन प्रश्न यह है कि यदि व्यक्ति का लक्ष्य मोक्ष है, तो समाज के प्रति उसका उत्तरदायित्व क्या होगा?

भगवद्गीता इस विरोधाभास को कर्मयोग के माध्यम से हल करती है। श्रीकृष्ण कहते हैं—

"तस्मादसक्तः सततं कार्यं कर्म समाचर।"

(भगवद्गीता, 3.19; गीताप्रेस, गोरखपुर)

अर्थात् आसक्ति-रहित होकर कर्तव्य-कर्म करना चाहिए।

गीता में जनक आदि के उदाहरण से स्पष्ट किया गया है कि कर्म करते हुए भी सिद्धि प्राप्त की जा सकती है—

"कर्मणैव हि संसिद्धिमास्थिता जनकादयः।"

(भगवद्गीता, 3.20; गीताप्रेस, गोरखपुर)

इस प्रकार भारतीय दर्शन में व्यक्तिगत मुक्ति और सामाजिक उत्तरदायित्व को विरोधी नहीं माना गया है।

18. धर्म और दर्शन : विरोध से समन्वय की ओर

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि धर्म और दर्शन में अनेक विरोधाभास दिखाई देते हैं, लेकिन ये सभी मूलभूत विरोध नहीं हैं।

धर्म का स्वस्थ रूप दर्शन से भयभीत नहीं होता, क्योंकि तर्क और विवेक धार्मिक जीवन को अन्धविश्वास से मुक्त कर सकते हैं।

इसी प्रकार दर्शन यदि धर्म के अनुभवात्मक पक्ष को पूरी तरह अस्वीकार कर दे, तो वह मानव जीवन के भावात्मक और आध्यात्मिक आयामों को समझने में असमर्थ हो सकता है।

भारतीय परम्परा में उपनिषद् इसका श्रेष्ठ उदाहरण हैं। वहाँ प्रश्न भी है, संवाद भी है, तर्क भी है और आध्यात्मिक अनुभूति भी।

नचिकेता और यम का संवाद, याज्ञवल्क्य और मैत्रेयी का संवाद, उद्दालक और श्वेतकेतु का संवाद—ये सभी इस बात के प्रमाण हैं कि आध्यात्मिक सत्य को प्रश्नों और विचार के माध्यम से समझने का प्रयास किया गया।

इसी कारण भारतीय दर्शन में धर्म और दर्शन का सम्बन्ध विरोधात्मक से अधिक संवादात्मक है।

19. धर्म और दर्शन के विरोधाभासों का तुलनात्मक स्वरूप

धर्म और दर्शन के बीच प्रमुख विरोधाभासों को निम्न प्रकार समझा जा सकता है—

19.1 आस्था बनाम तर्क

धर्म श्रद्धा पर बल देता है; दर्शन तर्क और विवेक पर।

19.2 परम्परा बनाम प्रश्न

धर्म परम्परा को संरक्षित करता है। दर्शन परम्परा से प्रश्न भी करता है।

19.3 शास्त्र बनाम स्वतंत्र विवेक

धर्म शास्त्र को प्रमाण मान सकता है। दर्शन शास्त्र के अर्थ और प्रामाणिकता की भी परीक्षा कर सकता है।

19.4 कर्मकाण्ड बनाम ज्ञान

धर्म के बाह्य रूप में कर्मकाण्ड का महत्त्व हो सकता है; दर्शन उसके अन्तर्निहित उद्देश्य की खोज करता है।

19.5 ईश्वरवाद बनाम निरीश्वरवाद

धर्म प्रायः परम सत्ता को स्वीकार करता है; दर्शन की सभी धाराएँ ऐसा नहीं करतीं।

19.6 आत्मवाद बनाम अनात्मवाद

उपनिषद् आत्मा को स्वीकार करते हैं; बौद्ध दर्शन स्थायी आत्मा का निषेध करता है।

19.7 निश्चितता बनाम संशय

धर्म विश्वास के माध्यम से निश्चितता देता है; दर्शन संशय के माध्यम से ज्ञान की प्रक्रिया आरम्भ कर सकता है।

19.8 मोक्ष बनाम लौकिक जीवन

धर्म और दर्शन दोनों मोक्ष को महत्त्व दे सकते हैं, किन्तु प्रश्न यह रहता है कि लौकिक जीवन का स्थान क्या है।

इन विरोधाभासों को समझना भारतीय दार्शनिक बहुलता को समझने के लिए आवश्यक है।

20. आधुनिक परिप्रेक्ष्य में धर्म और दर्शन

आधुनिक वैज्ञानिक युग में धर्म और दर्शन के सम्बन्ध का प्रश्न और अधिक महत्त्वपूर्ण हो गया है। विज्ञान अनुभव और प्रयोग के आधार पर भौतिक जगत् को समझता है। दर्शन विज्ञान की पद्धति, सीमाओं और ज्ञान की प्रकृति पर प्रश्न करता है। धर्म मानव जीवन के अर्थ और मूल्य का प्रश्न उठाता है।

आधुनिक मनुष्य को केवल वैज्ञानिक जानकारी ही पर्याप्त नहीं है। विज्ञान किसी घटना के घटित होने की प्रक्रिया पर प्रकाश डालता है। दर्शन घटना का अर्थ बता सकता है। धर्म उस घटना से जनित ज्ञान के उपयोग की नैतिक दिशा बता सकता है।

इस दृष्टि से तीनों के क्षेत्र भिन्न होते हुए भी परस्पर सम्बद्ध हैं।

समकालीन समाज में धर्म जब तर्क-विरोधी रूढ़िवाद का रूप लेता है, तब दर्शन उसका आलोचनात्मक परीक्षण कर सकता है। दूसरी ओर दर्शन जब पूर्णतः मूल्य-निरपेक्ष बौद्धिक अभ्यास बन जाता है, तब धर्म और आध्यात्मिकता जीवन के नैतिक एवं अस्तित्वगत प्रश्नों की ओर उसका ध्यान आकर्षित कर सकते हैं।

21. शिक्षा के क्षेत्र में धर्म और दर्शन का महत्त्व

शिक्षा का उद्देश्य केवल सूचना और कौशल प्रदान करना नहीं है। शिक्षा को विवेक, नैतिकता और उत्तरदायित्व भी विकसित करना चाहिए।

धर्म विद्यार्थियों में मूल्य, अनुशासन, करुणा और नैतिकता की भावना विकसित कर सकता है। दर्शन उन्हें प्रश्न पूछना, तर्क करना, प्रमाण की परीक्षा करना और विभिन्न दृष्टिकोणों का सम्मान करना सिखाता है।

इसलिए शिक्षा में धर्म और दर्शन का संतुलित अध्ययन निम्नलिखित क्षमताओं को विकसित कर सकता है—

1. आलोचनात्मक चिन्तन।
2. नैतिक निर्णय क्षमता।
3. सहिष्णुता।
4. बहुलतावादी दृष्टिकोण।
5. आत्मचिन्तन।
6. सामाजिक उत्तरदायित्व।
7. आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक संवेदनशीलता।

इस प्रकार धर्म और दर्शन का अध्ययन आधुनिक शिक्षा को अधिक मानवीय बना सकता है।

22. समकालीन समाज में प्रासंगिकता

आज धर्म अनेक बार सम्प्रदाय, पहचान और राजनीतिक आग्रहों से जुड़ जाता है। दूसरी ओर दर्शन कभी-कभी अत्यधिक अकादमिक और जीवन से कटे हुए विमर्श तक सीमित हो जाता है।

ऐसी स्थिति में दोनों के स्वस्थ रूप की आवश्यकता है।

धर्म को चाहिए कि वह आस्था को नैतिकता और मानव-मूल्यों से जोड़े तथा अन्धविश्वास और कट्टरता से मुक्त रखे।

दर्शन को चाहिए कि वह तर्क को केवल वाद-विवाद का साधन न बनाकर जीवन के वास्तविक प्रश्नों से जोड़े।

इस सन्दर्भ में भगवद्गीता का समत्व अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है—

"सिद्ध्यसिद्ध्योः समो भूत्वा समत्वं योग उच्यते।"

(भगवद्गीता, 2.48; गीताप्रेस, गोरखपुर)

समत्व व्यक्ति को भावनात्मक अतियों से बचाकर विवेकपूर्ण जीवन की ओर ले जाता है।

23. प्रमुख निष्कर्ष

प्रस्तुत अध्ययन से निम्नलिखित प्रमुख निष्कर्ष प्राप्त होते हैं—

प्रथम, धर्म और दर्शन दोनों मानव जीवन के परम प्रश्नों से सम्बद्ध हैं, इसलिए दोनों का मूल प्रयोजन पूर्णतः अलग नहीं है।

द्वितीय, धर्म का आधार सामान्यतः आस्था, श्रद्धा और आध्यात्मिक परम्परा है, जबकि दर्शन का प्रमुख साधन तर्क, विवेक और आलोचनात्मक चिन्तन है।

तृतीय, धर्म और दर्शन में सबसे प्रमुख विरोधाभास आस्था और तर्क का है, किन्तु भारतीय उपनिषद्-परम्परा में दोनों का समन्वय सम्भव है।

चतुर्थ, शास्त्र और तर्क का सम्बन्ध विरोधात्मक न होकर व्याख्यात्मक और पूरक हो सकता है। ब्रह्मसूत्र स्वयं उपनिषद्-वचनों के समन्वय का प्रयास करता है।

पंचम, कर्मकाण्ड और ज्ञान के बीच तनाव भारतीय चिन्तन में दिखाई देता है, किन्तु गीता कर्म को आध्यात्मिक साधना में रूपान्तरित करती है।

षष्ठ, ईश्वर, आत्मा और जगत् के सम्बन्ध में भारतीय दर्शन में व्यापक मतभेद हैं। इससे भारतीय बौद्धिक परम्परा की बहुलता सिद्ध होती है।

सप्तम, धर्म और दर्शन के बीच विरोधाभास सदैव नकारात्मक नहीं होते। वे प्रश्न, संवाद और आत्म-समीक्षा के अवसर भी प्रदान करते हैं।

अष्टम, धर्म को यदि नैतिकता से तथा दर्शन को जीवन-मूल्यों से जोड़ा जाए, तो दोनों आधुनिक मनुष्य के लिए अत्यन्त उपयोगी हो सकते हैं।

नवम, धर्म का रूढ़ रूप और दर्शन का अतितार्किक रूप दोनों ही मानव जीवन की पूर्णता को सीमित कर सकते हैं।

दशम, धर्म और दर्शन का स्वस्थ सम्बन्ध आस्था और विवेक, अनुभव और तर्क तथा परम्परा और स्वतंत्र चिन्तन के बीच संतुलन स्थापित करता है।

24. उपसंहार

धर्म और दर्शन मानव सभ्यता की दो ऐसी शक्तियाँ हैं जिन्होंने मनुष्य को अपने अस्तित्व और जीवन के परम उद्देश्य पर विचार करने के लिए प्रेरित किया है। दोनों की भाषा, पद्धति और प्राथमिकताएँ भिन्न हो सकती हैं, किन्तु दोनों का सम्बन्ध सत्य की खोज से है।

विश्वास, मूल्य, अनुशासन और आध्यात्मिकता का आश्रय धर्म है। दर्शन उसे प्रश्न करने, तर्क करने और सत्य की आलोचनात्मक परीक्षा करने की क्षमता देता है। जब धर्म तर्क से विमुख हो जाता है, तब उसके भीतर रूढ़िवाद और अन्धविश्वास का खतरा उत्पन्न हो सकता है। जब दर्शन जीवन-मूल्यों और अस्तित्वगत अनुभूति से पूरी तरह कट जाता है, तब वह केवल बौद्धिक अभ्यास बन सकता है।

भारतीय परम्परा ने धर्म और दर्शन को पूर्णतः अलग-अलग क्षेत्रों के रूप में नहीं देखा है। उपनिषदों में प्रश्न और अनुभूति का अद्भुत समन्वय है। भगवद्गीता में दर्शन जीवन के कर्मक्षेत्र में उतरता है। ब्रह्मसूत्र में उपनिषदों की आध्यात्मिक शिक्षाओं का तार्किक समन्वय किया जाता है।

उपनिषद् कहते हैं—

"तत्त्वमसि।"
(छान्दोग्य उपनिषद्, 6.8.7; गीताप्रेस, गोरखपुर)

यह वाक्य धर्म के आध्यात्मिक अनुभव और दर्शन के तात्त्विक चिन्तन दोनों को एक गहरे प्रश्न से जोड़ता है—व्यक्ति की वास्तविक सत्ता क्या है?

दूसरी ओर गीता कर्म और ज्ञान के सम्बन्ध को जीवन के स्तर पर स्थापित करती है। वह केवल सत्य का बौद्धिक ज्ञान नहीं देती, बल्कि उस ज्ञान के अनुरूप जीवन जीने का मार्ग भी बताती है।

अतः धर्म और दर्शन के बीच विद्यमान विरोधाभासों को केवल संघर्ष के रूप में देखना उनके वास्तविक स्वरूप को सीमित करना होगा। इन विरोधाभासों के भीतर संवाद की सम्भावना छिपी हुई है। आस्था को विवेक की आवश्यकता है और विवेक को जीवन-मूल्यों की। धर्म को दर्शन से आत्म-समीक्षा की शक्ति मिल सकती है और दर्शन को धर्म से अस्तित्वगत गहराई।

समकालीन विश्व में जहाँ एक ओर धार्मिक कट्टरता और दूसरी ओर मूल्य-निरपेक्ष बौद्धिकता दोनों प्रकार की समस्याएँ दिखाई देती हैं, वहाँ धर्म और दर्शन के संतुलित सम्बन्ध की आवश्यकता पहले से अधिक है।

इसलिए धर्म और दर्शन का वास्तविक सम्बन्ध विरोध से अधिक संवाद, संघर्ष से अधिक समन्वय और मतभेद से अधिक सत्य-अन्वेषण का सम्बन्ध है। उनके बीच के विरोधाभास यदि विवेकपूर्ण ढंग से समझे जाएँ, तो वे मानव-चिन्तन को विभाजित करने के बजाय उसे अधिक गहरा, व्यापक और मानवीय बना सकते हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची

प्राथमिक ग्रंथ

ओलिवेल, पी. (1996). *उपनिषद् (Upaniṣads).* ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, ऑक्सफोर्ड एवं न्यूयॉर्क।

राधाकृष्णन, एस. (1948). *भगवद्गीता: भूमिका, संस्कृत पाठ, अंग्रेज़ी अनुवाद एवं टिप्पणियों सहित (The Bhagavadgita: With an Introductory Essay, Sanskrit Text, English Translation and Notes).* George Allen & Unwin, लंदन।

शंकराचार्य. (1965). *ब्रह्मसूत्रभाष्य ऑफ श्री शंकराचार्य (Brahma-sūtra-bhāṣya of Śrī Śaṅkarācārya)* (स्वामी गम्भीरानन्द, अनुवादक). अद्वैत आश्रम, कलकत्ता।

सहायक ग्रंथ

- राधाकृष्णन, एस. (1923). *Indian philosophy* (Vol. 1). George Allen & Unwin, London.
- राधाकृष्णन, एस. (1927). *Indian philosophy* (Vol. 2). George Allen & Unwin, London.
- राधाकृष्णन, एस. (1927). *The Hindu view of life*. George Allen & Unwin, London.
- राधाकृष्णन, एस. (1929). *An idealist view of life*. George Allen & Unwin, London.
- राधाकृष्णन, एस., & मूर, सी. ए. (Eds.). (1957). *A source book in Indian philosophy*. Princeton University Press, Princeton.
- श्रीमद्भगवद्गीता. गीताप्रेस, गोरखपुर.
- बृहदारण्यक उपनिषद् (1923). अनु. रायबहादुर बाबू जालिम सिंह, नवलकिशोर प्रेस, लखनऊ
- कठोपनिषद् (सं. 2053). गीताप्रेस, गोरखपुर.
- छांदोग्योपनिषद्, गीताप्रेस, गोरखपुर

अंतःपाठीय उद्धरण

- (बृहदारण्यक उपनिषद्, 2.4.5; अनु. रायबहादुर बाबू जालिम सिंह, नवलकिशोर प्रेस, लखनऊ, 1923)
- (भगवद्गीता, 2.47; गीताप्रेस, गोरखपुर)
- (ब्रह्मसूत्र, 1.1.1; शंकराचार्य, 1965)

Shikshan Sanshodhan : Journal of Arts, Humanities and Social Sciences ISSN: 2581-6241
Monthly, Peer-Reviewed, Refereed, Indexed Journal Impact Factor: 9.134
Volume - 9, Special Issue - 16, September - 2026 Publication Date: 30/09/2026

DOIs:10.2018/SS/ICLLR-2026-A03 --:-- Research Paper / Article / Review

International Conference on Literature, Languages and Religions (ICLLR-2026)
[साहित्य, भाषाओं और धर्मों पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन]
Date: 19 – 20 September, 2026

भाषा शिक्षण और अधिगम में आई.सी.टी. (ICT) की भूमिका

डॉ. वन्दना कुमारी,
प्रभारी प्राचार्य, जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान, अरवल, बिहार, भारत
E-mail: vandana.roy8@gmail.com

सारांश: इक्कीसवीं शताब्दी में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (Information and Communication Technology—ICT) ने शिक्षा की प्रकृति, प्रक्रिया और परिणामों को व्यापक रूप से प्रभावित किया है। भाषा शिक्षण और अधिगम का क्षेत्र भी इस परिवर्तन से अछूता नहीं रहा है। परम्परागत भाषा शिक्षण में शिक्षक, पाठ्यपुस्तक और कक्षा-कक्ष प्रमुख साधन रहे हैं, जबकि ICT ने भाषा-अधिगम को बहुमाध्यमीय, अन्तःक्रियात्मक, विद्यार्थी-केंद्रित, सहयोगात्मक तथा अधिक लचीला स्वरूप प्रदान किया है। प्रस्तुत शोध-पत्र में भाषा शिक्षण और अधिगम में ICT की भूमिका का विश्लेषण किया गया है। अध्ययन में Computer-Assisted Language Learning (CALL), Mobile-Assisted Language Learning (MALL), Learning Management System (LMS), डिजिटल सामग्री, ऑनलाइन शब्दकोश, वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग, सामाजिक माध्यम, शैक्षिक ऐप, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI), मशीन अनुवाद तथा डिजिटल मूल्यांकन जैसे उपकरणों की उपयोगिता पर विचार किया गया है। ICT के माध्यम से भाषा के चारों प्रमुख कौशल—श्रवण, भाषण, पठन और लेखन—के विकास की सम्भावनाओं का विवेचन किया गया है। शोध यह भी स्पष्ट करता है कि ICT स्वयं शिक्षण का विकल्प नहीं है, बल्कि प्रभावी शिक्षण-पद्धति के साथ उसका समन्वित उपयोग अधिक महत्त्वपूर्ण है। डिजिटल विभाजन, तकनीकी संसाधनों की असमान उपलब्धता, शिक्षक-प्रशिक्षण का अभाव, भाषा-संबंधी डिजिटल सामग्री की कमी, साइबर सुरक्षा, डेटा गोपनीयता तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर अत्यधिक निर्भरता जैसी चुनौतियाँ भी विद्यमान हैं। भारतीय बहुभाषिक परिप्रेक्ष्य में ICT विशेष रूप से भारतीय भाषाओं, संस्कृत तथा क्षेत्रीय भाषाओं के संरक्षण, प्रसार और शिक्षण के लिए उपयोगी हो सकता है। निष्कर्षतः ICT भाषा शिक्षण-अधिगम को अधिक प्रभावी, सुलभ, व्यक्तिगत, संवादात्मक और वैश्विक बना सकता है, बशर्ते उसका प्रयोग शैक्षिक उद्देश्यों, भाषिक आवश्यकताओं और स्थानीय संदर्भों के अनुरूप किया जाए।

प्रमुख शब्द: ICT, भाषा शिक्षण, भाषा अधिगम, डिजिटल शिक्षा, CALL, MALL, LMS, ई-लर्निंग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल साक्षरता।

1. प्रस्तावना

वर्तमान युग को सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी का युग कहा जाता है। इंटरनेट, स्मार्टफोन, कंप्यूटर, टैबलेट, डिजिटल प्लेटफॉर्म, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और ऑनलाइन संसाधनों ने मानव जीवन के लगभग प्रत्येक क्षेत्र को प्रभावित किया

है। शिक्षा भी इस परिवर्तन की एक प्रमुख क्षेत्र है। आज ज्ञान केवल कक्षा-कक्ष, शिक्षक और मुद्रित पाठ्यपुस्तक तक सीमित नहीं है। विद्यार्थी किसी भी समय और स्थान से डिजिटल संसाधनों के माध्यम से सीख सकता है।

भाषा शिक्षण इस परिवर्तन से विशेष रूप से प्रभावित हुआ है। भाषा स्वभावतः संप्रेषण का माध्यम है और ICT ने संप्रेषण के साधनों को अभूतपूर्व रूप से विस्तृत किया है। ऑडियो, वीडियो, चित्र, एनिमेशन, ऑनलाइन संवाद, वर्चुअल कक्षा, डिजिटल पाठ, भाषिक कॉर्पस, ई-शब्दकोश तथा AI-आधारित उपकरणों ने भाषा सीखने के लिए अनेक नए अवसर उपलब्ध कराए हैं।

Computer-Assisted Language Learning (CALL) के विकास ने कंप्यूटर को भाषा शिक्षण के सहायक साधन के रूप में स्थापित किया। बाद में इंटरनेट और मोबाइल तकनीक के विस्तार के साथ Mobile-Assisted Language Learning (MALL) विकसित हुआ। इस परिवर्तन ने भाषा-अधिगम को कक्षा की सीमाओं से बाहर निकालकर दैनिक जीवन का हिस्सा बना दिया।

ICT का महत्त्व केवल तकनीकी सुविधा के रूप में नहीं है। इसका वास्तविक शैक्षिक महत्त्व इस बात में है कि यह विद्यार्थी को अधिक अभ्यास, त्वरित प्रतिक्रिया, व्यक्तिगत गति, वास्तविक भाषा-सामग्री और वैश्विक संचार के अवसर प्रदान कर सकता है।

भाषा शिक्षण में चार प्रमुख कौशल—श्रवण (Listening), भाषण (Speaking), पठन (Reading) और लेखन (Writing)—का विकास आवश्यक है। ICT इन सभी कौशलों के लिए अलग-अलग तथा समन्वित गतिविधियाँ उपलब्ध करा सकता है। उदाहरण के लिए, पॉडकास्ट और वीडियो श्रवण-कौशल के लिए, वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग और वॉइस-रिकॉर्डिंग भाषण-कौशल के लिए, ई-पुस्तक और डिजिटल लेख पठन-कौशल के लिए तथा ब्लॉग, ऑनलाइन दस्तावेज और डिजिटल लेखन मंच लेखन-कौशल के लिए उपयोग किए जा सकते हैं।

इस प्रकार ICT ने भाषा शिक्षण को केवल 'कक्षा में भाषा सिखाने' की प्रक्रिया से आगे बढ़ाकर निरन्तर, अन्तःक्रियात्मक और बहुआयामी अधिगम की प्रक्रिया बना दिया है।

2. शोध के उद्देश्य

प्रस्तुत शोध के प्रमुख उद्देश्य निम्नलिखित हैं—

- ICT की संकल्पना एवं भाषा शिक्षा में उसके स्वरूप को स्पष्ट करना।
- भाषा शिक्षण-अधिगम में ICT की आवश्यकता और महत्त्व का विश्लेषण करना।
- भाषा के श्रवण, भाषण, पठन और लेखन कौशलों के विकास में ICT की भूमिका का अध्ययन करना।
- CALL और MALL की उपयोगिता को स्पष्ट करना।
- डिजिटल संसाधनों एवं ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों की भाषा शिक्षण में उपयोगिता का अध्ययन करना।
- भाषा शिक्षण में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और नवीन डिजिटल तकनीकों की सम्भावनाओं का विश्लेषण करना।
- ICT-आधारित भाषा शिक्षण की प्रमुख चुनौतियों की पहचान करना।
- भारतीय तथा बहुभाषिक संदर्भ में ICT की उपयोगिता का मूल्यांकन करना।
- प्रभावी ICT-आधारित भाषा शिक्षण के लिए आवश्यक सुझाव प्रस्तुत करना।

3. शोध-पद्धति (Research Methodology)

प्रस्तुत अध्ययन गुणात्मक (Qualitative), वर्णनात्मक (Descriptive), विश्लेषणात्मक (Analytical) तथा समीक्षात्मक (Review-based) शोध-दृष्टिकोण पर आधारित है। शोध का प्रमुख उद्देश्य भाषा शिक्षण और अधिगम

में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (ICT) की भूमिका, उपयोगिता, प्रभावशीलता, संभावनाओं तथा उससे संबंधित चुनौतियों का व्यवस्थित अध्ययन करना है। इसके लिए ICT और भाषा शिक्षा के अंतर्संबंध का अध्ययन केवल तकनीकी उपकरणों की सूची के रूप में न करके शैक्षिक, भाषिक, संप्रेषणात्मक और अधिगमपरक दृष्टिकोण से किया गया है।

3.1 शोध की प्रकृति एवं शोध-डिजाइन

यह अध्ययन मुख्यतः द्वितीयक स्रोत-आधारित गुणात्मक शोध (Secondary-Source-Based Qualitative Research) है। शोध में प्राथमिक रूप से प्रकाशित अकादमिक पुस्तकों, शोध-पत्रों, समीक्षात्मक अध्ययनों तथा भाषा शिक्षण में प्रौद्योगिकी के प्रयोग से संबंधित मान्य शैक्षिक साहित्य का विश्लेषण किया गया है।

शोध-डिजाइन को निम्नलिखित क्रम में विकसित किया गया है—

ICT की संकल्पना → भाषा शिक्षण में ICT का विकास → CALL/MALL → भाषा-कौशलों पर प्रभाव → डिजिटल संसाधन → AI की भूमिका → भारतीय भाषाओं में उपयोग → चुनौतियाँ → शैक्षिक निहितार्थ → निष्कर्ष।

इस संरचना का उद्देश्य ICT के प्रभाव का एक समग्र एवं अंतर्विषयक विश्लेषण प्रस्तुत करना है।

3.2 शोध के प्रमुख प्रश्न

अध्ययन को निम्नलिखित शोध-प्रश्नों के आधार पर संचालित किया गया है—

1. भाषा शिक्षण और अधिगम में ICT की प्रमुख शैक्षिक भूमिकाएँ क्या हैं?
2. ICT भाषा के श्रवण, भाषण, पठन एवं लेखन कौशलों को किस प्रकार प्रभावित करता है?
3. CALL तथा MALL भाषा-अधिगम की प्रक्रिया को किस प्रकार परिवर्तित करते हैं?
4. डिजिटल संसाधन और ऑनलाइन शिक्षण भाषा-अधिगम को कितना अधिक विद्यार्थी-केंद्रित एवं वैयक्तिकृत बनाते हैं?
5. कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित उपकरण भाषा शिक्षण में कौन-सी नई सम्भावनाएँ उत्पन्न करते हैं?
6. भारतीय तथा बहुभाषिक संदर्भ में ICT के प्रयोग की विशिष्ट सम्भावनाएँ और सीमाएँ क्या हैं?
7. ICT के प्रभावी प्रयोग के लिए शिक्षक, विद्यार्थी, संस्थान तथा नीति-स्तर पर किन शर्तों की आवश्यकता है?

इन शोध-प्रश्नों को अध्ययन के विभिन्न विश्लेषणात्मक आयामों को निर्धारित करने का आधार बनाया गया है।

3.3 स्रोत-सामग्री का चयन

अध्ययन में स्रोत-सामग्री का चयन प्रासंगिकता (Relevance), अकादमिक विश्वसनीयता (Academic Credibility), विषय-संबंधिता (Topical Relevance), प्रकाशन की गुणवत्ता तथा शोध-उपयोगिता के आधार पर किया गया है।

स्रोतों को मुख्यतः निम्नलिखित वर्गों में विभाजित किया गया है—

(क) सैद्धान्तिक स्रोत

भाषा-अधिगम, द्वितीय भाषा-अधिगम, CALL, MALL, डिजिटल साक्षरता तथा भाषा शिक्षण-पद्धति से संबंधित मान्य अकादमिक पुस्तकों का उपयोग सैद्धान्तिक आधार निर्मित करने के लिए किया गया है।

(ख) शोधपरक स्रोत

भाषा शिक्षण में कंप्यूटर, मोबाइल, इंटरनेट तथा अन्य डिजिटल तकनीकों के प्रयोग से संबंधित शोध-पत्रों और समीक्षात्मक अध्ययनों का विश्लेषण किया गया है।

(ग) तकनीकी-शैक्षिक स्रोत

LMS, मल्टीमीडिया, डिजिटल मूल्यांकन, ऑनलाइन शिक्षण तथा AI आधारित भाषा-अधिगम के संबंध में उपलब्ध शैक्षिक साहित्य का अध्ययन किया गया है।

(घ) भारतीय संदर्भ से संबंधित स्रोत

भारतीय भाषाओं, बहुभाषिकता, डिजिटल शिक्षा तथा भारतीय भाषाओं के तकनीकी विकास से संबंधित सामग्री को अध्ययन में संदर्भित किया गया है, ताकि निष्कर्ष केवल पश्चिमी भाषा-शिक्षण संदर्भ तक सीमित न रहें।

3.4 साहित्य-समीक्षा की प्रक्रिया

अध्ययन में विषयगत साहित्य-समीक्षा (Thematic Literature Review) को अपनाया गया है। उपलब्ध साहित्य को केवल कालानुक्रमिक रूप से प्रस्तुत करने के स्थान पर विषयगत श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है।

साहित्य को निम्नलिखित प्रमुख विषयों के अंतर्गत व्यवस्थित किया गया है—

1. ICT और भाषा शिक्षा की सैद्धान्तिक पृष्ठभूमि।
2. CALL का विकास।
3. MALL और मोबाइल अधिगम।
4. मल्टीमीडिया आधारित भाषा शिक्षण।
5. श्रवण एवं भाषण-कौशल में ICT।
6. पठन एवं लेखन-कौशल में ICT।
7. डिजिटल शब्दावली एवं व्याकरण शिक्षण।
8. LMS एवं ऑनलाइन भाषा शिक्षण।
9. डिजिटल मूल्यांकन।
10. AI और भाषा-अधिगम।
11. भारतीय भाषाओं में ICT।
12. ICT की शैक्षिक एवं सामाजिक चुनौतियाँ।

इस वर्गीकरण से विभिन्न अध्ययनों के बीच समानता, भिन्नता, प्रवृत्ति तथा शोध-अंतराल (Research Gap) की पहचान करना सम्भव हुआ है।

3.5 विश्लेषण की इकाइयाँ

शोध में ICT को एक एकल तकनीकी अवधारणा के रूप में न लेकर विभिन्न विश्लेषणात्मक इकाइयों में विभाजित किया गया है। प्रमुख इकाइयाँ हैं—

- कंप्यूटर आधारित भाषा-अधिगम;
- मोबाइल आधारित भाषा-अधिगम;
- इंटरनेट एवं ऑनलाइन संसाधन;

- ऑडियो-वीडियो एवं मल्टीमीडिया;
- डिजिटल शब्दकोश;
- LMS;
- सोशल मीडिया;
- डिजिटल मूल्यांकन;
- कृत्रिम बुद्धिमत्ता;
- मशीन अनुवाद;
- Speech Recognition;
- डिजिटल भाषा-संसाधन।

इन इकाइयों का मूल्यांकन मुख्यतः इस आधार पर किया गया है कि वे भाषा-अधिगम की प्रक्रिया, विद्यार्थी की सक्रियता, संप्रेषणात्मक क्षमता, व्यक्तिगत अभ्यास, प्रतिक्रिया तथा मूल्यांकन को किस प्रकार प्रभावित करती हैं।

3.6 विश्लेषणात्मक रूपरेखा

ICT की शैक्षिक प्रभावशीलता के विश्लेषण के लिए निम्नलिखित पाँच आयाम निर्धारित किए गए हैं—

पहला—अभिगम्यता (Accessibility):

क्या तकनीक भाषा-अधिगम के संसाधनों को अधिक विद्यार्थियों तक पहुँचाती है?

दूसरा—अन्तःक्रियात्मकता (Interactivity):

क्या विद्यार्थी को भाषा के साथ सक्रिय संवाद और अभ्यास का अवसर मिलता है?

तीसरा—वैयक्तिकरण (Personalization):

क्या विद्यार्थी अपनी गति, स्तर और आवश्यकता के अनुसार अधिगम कर सकता है?

चौथा—प्रतिक्रिया (Feedback):

क्या तकनीक विद्यार्थी को त्वरित और उपयोगी प्रतिक्रिया प्रदान करती है?

पाँचवाँ—संप्रेषणात्मकता (Communicative Potential):

क्या तकनीक विद्यार्थी को वास्तविक अथवा वास्तविक-सदृश भाषिक परिस्थितियों में भाषा का प्रयोग करने का अवसर प्रदान करती है?

इन पाँच आयामों के आधार पर विभिन्न ICT उपकरणों की शैक्षिक उपयोगिता का तुलनात्मक विश्लेषण किया गया है।

3.7 भाषा-कौशल आधारित विश्लेषण

ICT के प्रभाव को भाषा के चार मूल कौशलों के संदर्भ में अलग-अलग देखा गया है—

श्रवण (Listening): ऑडियो, पॉडकास्ट, वीडियो, डिजिटल व्याख्यान आदि।

भाषण (Speaking): वॉइस रिकॉर्डिंग, वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग, Speech Recognition और AI संवाद आदि।

पठन (Reading): ई-पुस्तक, डिजिटल पुस्तकालय, ऑनलाइन लेख, ई-शब्दकोश आदि।

लेखन (Writing): डिजिटल दस्तावेज, ब्लॉग, ई-पोर्टफोलियो, ऑनलाइन सहयोगात्मक लेखन और AI आधारित लेखन-सहायता आदि।

इस विभाजन से ICT के प्रभाव का कौशल-विशिष्ट विश्लेषण (Skill-Specific Analysis) सम्भव हुआ है।

3.8 तुलनात्मक विश्लेषण

अध्ययन में पारम्परिक भाषा शिक्षण और ICT आधारित भाषा शिक्षण के बीच तुलनात्मक दृष्टि अपनाई गई है। तुलना के लिए निम्नलिखित मानदंड प्रयुक्त किए गए हैं—

विश्लेषण का आधार	पारम्परिक शिक्षण	ICT आधारित शिक्षण
सामग्री	मुख्यतः पाठ्यपुस्तक	बहुमाध्यमीय एवं बहु-स्रोत
अधिगम की गति	अपेक्षाकृत सामूहिक	अधिक वैयक्तिकृत
प्रतिक्रिया	शिक्षक पर निर्भर	शिक्षक + डिजिटल प्रणाली
अभ्यास	कक्षा-केंद्रित	कक्षा एवं कक्षा-बाह्य
संचार	सीमित	वैश्विक/ऑनलाइन सम्भावना
मूल्यांकन	मुख्यतः निर्धारित परीक्षा	निरन्तर एवं डिजिटल मूल्यांकन
संसाधन	सीमित	व्यापक डिजिटल संसाधन

यह तुलना ICT को स्वतः श्रेष्ठ सिद्ध करने के लिए नहीं, बल्कि दोनों पद्धतियों की परस्पर पूरकता को समझने के लिए की गई है।

3.9 सैद्धान्तिक परिप्रेक्ष्य

शोध में ICT के प्रभाव को भाषा-अधिगम के व्यापक सिद्धान्तों से जोड़कर देखा गया है। विशेष रूप से Communicative Language Teaching, Constructivist Learning, Interactionist दृष्टिकोण तथा learner-centered learning के संदर्भ में ICT की भूमिका का विश्लेषण किया गया है।

इस दृष्टि से विद्यार्थी को केवल सूचना प्राप्त करने वाला नहीं, बल्कि भाषा का सक्रिय प्रयोगकर्ता और ज्ञान-निर्माता माना गया है। ICT की अन्तःक्रियात्मक प्रकृति इस प्रकार के अधिगम को समर्थन प्रदान कर सकती है।

CALL के संदर्भ में Chapelle (2001) ने भी तकनीकी वातावरण के मूल्यांकन में भाषा-अधिगम के अवसरों को महत्त्वपूर्ण माना है। इसी प्रकार Warschauer और Healey (1998) ने कंप्यूटर तथा भाषा-अधिगम के बदलते संबंध को तकनीकी विकास के साथ जोड़ा है।

3.10 विश्वसनीयता एवं वैधता

द्वितीयक स्रोत-आधारित शोध में विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए स्रोतों का त्रिकोणीकरण (Triangulation) किया गया है। किसी निष्कर्ष को केवल एक स्रोत पर आधारित न रखकर विभिन्न प्रकार के अकादमिक स्रोतों में उपलब्ध समान अथवा परस्पर भिन्न निष्कर्षों का तुलनात्मक परीक्षण किया गया है।

स्रोतों की विश्वसनीयता के लिए निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखा गया है—

- प्रतिष्ठित अकादमिक प्रकाशकों की पुस्तकों को प्राथमिकता;

- शोध-पत्रिकाओं में प्रकाशित अध्ययनों का उपयोग;
- विषय से प्रत्यक्ष रूप से संबंधित साहित्य का चयन;
- विभिन्न विद्वानों के दृष्टिकोणों का तुलनात्मक परीक्षण;
- तकनीक के लाभों के साथ उसकी सीमाओं का भी विश्लेषण।

इस प्रक्रिया का उद्देश्य तकनीक-समर्थक एकपक्षीय निष्कर्ष से बचना है।

3.11 शोध की सीमाएँ

प्रस्तुत अध्ययन मुख्यतः द्वितीयक स्रोतों पर आधारित है। अतः इसमें किसी विशिष्ट विद्यालय, महाविद्यालय या विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों पर प्रत्यक्ष क्षेत्रीय सर्वेक्षण अथवा प्रयोगात्मक अध्ययन नहीं किया गया है।

इसके अतिरिक्त ICT अत्यन्त तीव्र गति से परिवर्तित होने वाला क्षेत्र है। इसलिए किसी विशिष्ट डिजिटल उपकरण की उपयोगिता समय के साथ बदल सकती है। AI तथा अन्य उभरती तकनीकों के संदर्भ में भी निरन्तर अद्यतन शोध की आवश्यकता बनी रहती है।

अध्ययन का उद्देश्य किसी एक ICT उपकरण की प्रभावशीलता का सांख्यिकीय परीक्षण करना नहीं, बल्कि भाषा शिक्षण-अधिगम में ICT की समग्र शैक्षिक भूमिका का आलोचनात्मक विश्लेषण करना है।

3.12 शोध-पद्धति की समग्र रूपरेखा

इस प्रकार प्रस्तुत शोध की पद्धतिगत प्रक्रिया को निम्न सूत्र में संक्षेपित किया जा सकता है—

